JANMARG news
Janmarg News Youtube Channel
जनमार्ग

केन्द्र व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI Registration No. 3773 / 58
e-mail :dainikjanmarg@gmail.com
Website:- www.janmarg.com

# जनमार्ग

निष्पक्ष ◆ निर्भिक ◆ सांध्य दैनिक

वर्ष : 66 ● अंक: 51 ● श्रीगंगानगर, बुधवार, 08.01.2025, मो. 94140-87692, 77421-86692, 0154-2970692 ● मूल्य: 2 रुपये ● पृष्ठ : 6



आज का मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम | : 20 |
| न्यूनतम | : 04 |
| हवा में नमी | : 159 |

## पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी का दिल्ली में स्मारक बनेगा

जनमार्ग न्यूज



**नई दिल्ली।** पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के निधन के चार साल बाद केंद्र सरकार दिल्ली में उनका स्मारक बनाने वाली है। इसके लिए राष्ट्रीय स्मृति कॉम्प्लेक्स में जगह ढूंढी जाएगी। सरकार ने हाल ही में प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी को पत्र भेजकर इसकी जानकारी दी। प्रणब मुखर्जी का निधन 31 अगस्त 2020 को हुआ था। वे 2012 से 2017 के बीच राष्ट्रपति रहे थे। शर्मिष्ठा मुखर्जी ने मंगलवार को पीएम मोदी से मुलाकात कर उन्हें धन्यवाद दिया। इस मुलाकात की फोटो और सरकार का पत्र एक्स पर शेयर कर उन्होंने लिखा कि पीएम मोदी को इस पहल के लिए आभार। मुझे इसकी बिल्कुल उम्मीद नहीं थी। शर्मिष्ठा ने आगे कहा कि बाबा कहते थे, राजकीय सम्मान कभी मांगना नहीं चाहिए। ये हमेशा ऑफर होना चाहिए। पीएम ने मेरे बाबा की यादों को सम्मान देने के बारे में सोचा। इससे बाबा को तो कोई फर्क नहीं पड़ेगा, क्योंकि वे सम्मान और अपमान के आगे चले गए हैं, लेकिन उनकी बेटी को जो खुशी मिली है वह शब्दों में बयान नहीं की जा सकती है।

# फरवरी के दूसरे सप्ताह में आएगा राजस्थान का बजट

**» विधानसभा का बजट सत्र 31 जनवरी से » राज्यपाल का पहला अभिभाषण होगा**



जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा। सुबह 11 बजे राज्यपाल हरिभाऊ बागडे के अभिभाषण से सत्र की शुरुआत होगी। राज्यपाल के तौर पर बागडे का विधानसभा में यह पहला अभिभाषण होगा। 31 जनवरी को ही विधानसभा में सदन की कर सलाहकार समिति की बैठक होगी। बीएससी की बैठक में बजट सत्र का आगे का कामकाज तय किया जाएगा। इस दौरान बजट की तारीख भी तय होगी। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि फरवरी के दूसरे सप्ताह में राज्य का बजट आ सकता है। 31 जनवरी को राज्यपाल का अभिभाषण होने के बाद तीन चार पांच और 6 फरवरी को राज्यपाल के अभी भाषण पर सदन में बहस होगी। 6 फरवरी को मुख्यमंत्री अभी भाषण पर बहस का सदन में जवाब दे सकते हैं। सूत्रों के अनुसार विधानसभा सत्र बुलाने की फाइल कैबिनेट से मंजूर होकर राजभवन पहुंच चुकी है। राज्यपाल की मंजूरी के बाद विधानसभा सत्र बुलाने की अधिसूचना विधानसभा से जारी होगी। इसके लिए सभी विधायकों को भी औपचारिक तौर पर सूचना भेजी जाएगी।

## एचएमपीवी का 9वां केस मिला

जनमार्ग न्यूज

**बेंगलुरु।** कोरोना जैसे वायरस एसएमपीवी का महाराष्ट्र में बुधवार को तीसरा केस मिला। मुंबई के पवई स्थित हीरानंदानी अस्पताल में 6 महीने की बच्ची संक्रमित मिली है। बच्ची को 1 जनवरी को गंभीर खांसी, सीने में जकड़न और ऑक्सीजन स्तर 84 प्रतिशत तक गिरने के कारण अस्पताल में भर्ती किया गया था। हालांकि वह अब ठीक हो गई। मुंबई में इस वायरस का यह पहला मामला है। मंगलवार को महाराष्ट्र के नागपुर में 2 केस सामने आए। यहां एक 13 साल की लड़की और एक 7 साल का लड़का संक्रमित मिला है।हालांकि इन्हें अस्पताल में भर्ती नही करना पड़ा। इलाज के बाद उनकी स्थिति कंट्रोल में है। देश में कुल मामले 9 हो गए हैं। महाराष्ट्र में दो केस मिलने से एक दिन पहले कर्नाटक और तमिलनाडु में 2-2, पश्चिम बंगाल और गुजरात में एक-एक केस मिलाकर वायरस के कुल 6 मामले सामने आए थे। इनमें ज्यादातर बच्चे हैं। केंद्र ने राज्यों को इंफ्लूएंजा लाइक इलनेस और सीवर एक्यूट रेस्परेट्री इश्यूज जैसी सांस की बीमारियों की निगरानी बढ़ाने और एचएमपीवी के बारे में जागरूकता फैलाने की सलाह दी है।

## आईएम शक्ति उड़ान योजना अब कालीबाई भील उड़ान योजना

**● प्रदेश सरकार ने बदला एक और योजना का नाम**

जनमार्ग न्यूज



**जयपुर।** गहलोत राज की सरकारी योजनाओं के नाम बदलने का सिलसिला दूसरे साल भी जारी है। राजस्थान की भजनलाल सरकार ने गहलोत राज की एक और योजना का नाम बदल दिया है। महिला अधिकारिता विभाग की आई एम शक्ति उड़ान योजना अब कालीबाई भील उड़ान योजना के नाम से जानी जाएगी। इस संबंध में सभी जिले के अधिकारियों को महिला अधिकारिता निदेशालय ने आदेश जारी कर दिया है। बता दें कि इस योजना के तहत 10 से 45 साल तक की महिलाओं और बालिकाओं को निशुल्क सेनेटरी नैपकिन उपलब्ध कराया जाता है। बता दें कि अब तक गहलोत राज की 11 योजनाओं के नाम बदले जा चुके है। इससे पहले भजनलाल सरकार ने सत्ता में आते ही चिरंजीवी स्वास्थ्य योजना का नाम बदलकर मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना कर दिया था। बीजेपी राज में इंदिरा रसोई योजना का नाम बदलकर अन्नपूर्णा रसोई, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना का नाम बदलकर मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना, मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना का नाम बदलकर पन्नाधाय बाल गोपाल योजना किया गया। वहीं, राजीव गांधी छात्रवृत्ति योजना का नाम बदलकर स्वामी विवेकानंद छात्रवृत्ति योजना, राजीव गांधी जल स्वावलंबन योजना का नाम बदलकर मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना और मुख्यमंत्री वरिष्ठ नागरिक तीर्थ योजना का नाम बदलकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय वरिष्ठ नागरिक योजना किया गया। इसके अलावा इंदिरा महिला शक्ति उड़ान, इंदिरा महिला शक्ति जागरूकता शिक्षा कार्यक्रम और इंदिरा महिला एवं बाल विकास शोध संस्थान योजना को मर्ज करके कालीबाई भील संबल योजना नाम रखा गया।

## पंजाब में बच्चों-बुजुर्गों को मास्क पहनने की सलाह

जनमार्ग न्यूज

**चंडीगढ़।** देश के सभी राज्यों में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एसएमवीपी) के मामलों के बीच भारत सरकार ने निगरानी बढ़ाने के आदेश दिए थे। इसको लेकर पंजाब का स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने लोगों से घर से बाहर निकलने पर मास्क पहनने का आग्रह किया है। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया है कि इस बीमारी से घबराने की बिल्कुल जरूरत नहीं है। साथ ही पंजाब में अभी तक इसका कोई मामला सामने नहीं आया है।

## एक से नौ फरवरी तक बीकानेर में सेना भर्ती

**● नगर निगम करेगा हीटर की व्यवस्था**

जनमार्ग न्यूज



**बीकानेर।** कड़ाके की सर्दी के बीच सेना में अग्निवीर बनने के लिए युवाओं को कठिन शारीरिक परीक्षा देनी होगी। सुबह-सवेरे दौड़ लगानी होगी। छाती फूलाकर दिखानी होगी। इसके अलावा आंख-कान के सही होने के प्रमाण देने होंगे। सेना भर्ती के लिए बीकानेर में एक से नौ फरवरी तक हजारों की संख्या में युवा पहुंचेंगे। इस दौरान युवाओं को सर्दी से बचाने के लिए बीकानेर नगर निगम न सिर्फ हीटर की व्यवस्था करेगा, बल्कि ब्लोवर भी लगाएगा। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के स्टेडियम में 1 से 9 फरवरी तक सेना भर्ती रैली का हो रही है। इस भर्ती में बीकानेर और आसपास के दस जिलों के युवा शामिल होंगे। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) रमेश देव ने बताया कि विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय से भर्ती संबंधित समस्त व्यवस्थाओं का मौका निरीक्षण करते हुए तैयारियों को समय पर पूर्ण करेंगे। सर्दी के मौसम को देखते हुए नगर निगम हीटर व ब्लोवर कार्यक्रम स्थल पर उपलब्ध करवाए। नगर निगम एवं यूआईटी को परीक्षा स्थल व ट्रैक की सफाई, मोबाइल टॉयलेट, फायर ब्रिगेड, पार्किंग व लाइट की व्यवस्था, आवश्यकता अनुसार टेबल व कुर्सियां, टेंट तथा जनरेटर सैट से संबंधित संपूर्ण व्यवस्थाएं करेंगे।

## एसीबी के हत्थे चढ़ा नगर निगम का राजस्व अधिकारी

**● फाइल आगे बढ़ाने के लिए मांगी रिश्वत**

जनमार्ग न्यूज



**जयपुर।** यूडी टैक्स वसूलने वाली कंपनी का कामकाज आगे बढ़ाने के एवज में तीन लाख रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में एसीबी ने अलवर नगर निगम के राजस्व अधिकारी युवराज मीणा को मंगलवार रात जयपुर में विधानसभा गेट के पास से गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने रिश्वत लेने के लिए एक प्राइवेट व्यक्ति का सहारा लिया था। एसीबी के एएसपी अभिषेक पारीक ने बताया कि अलवर में यूडी टैक्स वसूलने वाली कंपनी ने हाल ही में टेंडर लिया था लेकिन राजस्व अधिकारी युवराज मीणा ने कंपनी का कामकाज आगे बढ़ाने के एवज में 3 लाख रुपये रिश्वत की मांग की थी। कंपनी के प्रतिनिधि ने इस संबंध में एसीबी को शिकायत दी थी। इसके बाद अधिकारी को रंगेहाथों पकड़ने के लिए बनाई गई योजना के तहत युवराज मीणा अपनी कार से विधानसभा गेट पहुंचा, जहां उसके साथ आए व्यक्ति ने रिश्वत ली।

## श्रीगंगानगर में धूप खिलने से मिली राहत

**● कोहरा हुआ गायब, शीतलहर से गलन बरकरार**

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर जिले के अधिकांश हिस्सों में बुधवार को कोहरे का असर कम रहा। सुबह करीब 8 बजे से ही सूरज नजर आने लगा। धूप निकलने से दिन में सर्दी से राहत मिलने की संभावना नजर आ रही है। हालांकि सुबह धूप का सर्दी पर बड़ा असर नहीं दिखा। हवा चलते रहने से सर्दी तेज रही और लोग कंपकंपाते हुए सड़कों पर निकले। धूप निकलने से सड़कों पर लोगों की आवाजाही अपेक्षाकृत ज्यादा रही। सुबह 9 बजे के आसपास शहर की सब्जी मंडी और मुख्य बाजार में भी लोगों की गतिविधियां नजर आने लगी। सुबह की ट्रेनों और बसों में भी सवारियों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक रही। आम तौर पर कोहरे के चलते सुबह सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। इक्का दुक्का लोग ही नजर आते हैं लेकिन बुधवार को सुबह 8 बजे तक सड़कों पर लोग नजर आने लगे। इससे पहले मंगलवार को भी मौसम साफ रहा था। धूप नकलने से अधिकतम तापमान 21.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, वहीं न्यूनतम तापमान अब भी 7.8 डिग्री सेल्सियस बना हुआ है। मौसम एक्सपर्ट बताते हैं कि अगले 24 घंटे में तापमान एक से डेढ़ डिग्री तक बढ़ सकता है। इससे सर्दी से कुछ राहत मिल सकती है। वहीं इसके बाद के दो से तीन दिन में मौसम में एक बार फिर ठंडक बढ़ने की संभावना है।

## कोटा में जेईई स्टूडेंट ने किया सुसाइड

जनमार्ग न्यूज

**कोटा।** कोटा में जेईई स्टूडेंट ने सुसाइड कर लिया। स्टूडेंट हॉस्टल के कमरे में फंदे पर लटका मिला। हॉस्टल मालिक ने रोशनदान से देखकर पुलिस को सूचना दी। मामला जवाहर नगर थाना क्षेत्र का है। एडिशनल एसपी दिलीप सैनी ने बताया कि स्टूडेंट नीरज जाट (19) हरियाणा के नावा महेंद्रगढ़ का रहने वाला था। दो साल से कोटा में रहकर निजी कोचिंग से जेईई की तैयारी कर रहा था। उसने मंगलवार रात सुसाइड कर लिया। शव को एमबीएस मॉच्यूरी में रखवाया गया है। परिवार के आने पर पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा। एडिशनल एसपी ने बताया कि स्टूडेंट राजीव गांधी नगर क्षेत्र में आनंद कुंज रेजिडेंसी में हॉस्टल में रहता था। हॉस्टल मालिक रात को कमरों में जाकर स्टूडेंट को चेक कर रहे थे। इस दौरान नीरज ने कमरा नहीं खोला।

## भारतवंशी अनीता आनंद बन सकती हैं कनाडा की पीएम

जनमार्ग न्यूज

**ओटावा।** कनाडा में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे के बाद भारतीय मूल की सांसद अनीता आनंद का नाम प्रधानमंत्री पद के लिए प्रमुखता से लिया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सत्ताधारी लिबरल पार्टी इस साल होने वाले संसदीय चुनाव से पहले नया प्रधानमंत्री चुन सकती है। बुधवार यानी आज पार्टी के नेशनल कॉकस की बैठक भी होने वाली है। माना जा रहा है कि पार्टी में अनीता के नाम पर सहमति बन सकती है। अगर ऐसा होता है तो वो कनाडा में प्रधानमंत्री पद पर पहुंचने वाली पहली अश्वेत महिला होंगी। फिलहाल जब तक कोई नया नेता नहीं चुन लिया जाता, तब तक ट्रूडो पद पर बने रहेंगे। अनीता आनंद लिबरल पार्टी की सीनियर मेंबर हैं। वह 2019 से कनाडाई संसद की सदस्य भी हैं। उन्होंने ट्रूडो सरकार में कई प्रमुख विभागों को संभाला है।

# जिला स्तरीय बैठक में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**● सीमावर्ती क्षेत्रों में तस्करी रोकने के लिये समन्वय से कार्य करें एजेंसियां: डॉ. मंजू**

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** नार्को कोर्डिनेशन सेंटर तंत्र की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर डॉ. मंजू की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान जिला कलक्टर ने सीमावर्ती क्षेत्रों में मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के साथ-साथ जिले में नशा मुक्ति के लिये समुचित रूप से प्रभावी कार्यवाही करने और नशा मुक्त श्रीगंगानगर अभियान में आमजन की सहभागिता और जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिये। आरम्भ में जिला कलक्टर द्वारा गत बैठक में दिये गये निर्देशों की पालना कार्यवाही की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि नशे की समस्या को दूर करने के लिये जन जागरूकता के साथ-साथ समस्त विभागों की सहभागिता आवश्यक है। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने स्वास्थ्य विभाग की ओर से की गई कार्यवाही और गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि नशा मुक्ति के लिये विभिन्न स्तर पर कार्यक्रम जारी हैं। साइकाइट्रिक क्लीनिक और डी-एडिक्शन सेंटर में सीसीटीवी कैमरे, काउंसलर, स्टाफ आदि की नियमित रूप से जांच कर इनमें उपलब्ध सुविधाओं, दवाओं के रिकॉर्ड का भी अवलोकन किया जा रहा है। नशा छोड़ने के लिये आमजन को जागरूक करने के साथ-साथ नशा छोड़ने वालों का नियमित रूप से फॉलोअप किया जा रहा है। राजकीय जिला चिकित्सालय के नशा मुक्ति वार्ड के माध्यम से नशा छोड़ने के लिये आने वाले रोगियों को समुचित उपचार सुविधा दी जा रही है। इसके बाद उनका भी फॉलोअप कर उन्हें नशा मुक्त रहने के लिये प्रेरित किया जा रहा है। सीमावर्ती गांवों में पर्याप्त निगरानी रखने और मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने पर चर्चा के दौरान जिला कलक्टर द्वारा आवश्यक कार्यवाही के लिये जिला परिषद को निर्देशित किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में मेडिकल स्टोर्स संचालन की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने औषधि नियंत्रक विभाग को निर्देश दिये कि अनियमितता पाये जाने पर जिन मेडिकल स्टोर्स के लाईसेंस निरस्त किये जाते हैं, उनके द्वारा पुनः संचालन के लिये आवेदन करने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाये। मेडिकल स्टोर्स पर प्रतिबंधित घटक दवाओं की बिक्री न हो, इसके लिये विभाग द्वारा नियमित रूप से औचक कार्यवाही की जाये। बैठक में जिला कलक्टर एवं डीआईजी पुलिस गौरव यादव ने सीमावर्ती क्षेत्रों में मादक पदार्थों की तस्करी पर नियंत्रण के लिये अब तक हुई कार्यवाहियों की समीक्षा करते हुए कहा कि समस्त एजेंसियां आपसी तालमेल से तस्करी पर रोक लगायें। सीमा पार से आने वाले

## अनशन पर बैठे डल्लेवाल की हालत नाजुक



जनमार्ग न्यूज

**चंडीगढ़।** हरियाणा-पंजाब के खनौरी बॉर्डर पर आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की हालत नाजुक है। उनके अनशन का आज 44वां दिन है। वह किसी के साथ बात भी नहीं कर पा रहे हैं। उधर, किसान नेताओं ने तय किया है कि 26 जनवरी को पूरे देश में ट्रैक्टर मार्च निकाला जाएगा। आगामी दिनों में इस बारे में प्लान जारी किया जाएगा। केंद्र सरकार को समय रहते किसानों के मुद्दों को गंभीरता से हल करना चाहिए। अगर डल्लेवाल को कुछ हुआ तो केंद्र हालात नहीं संभाल पाएगा। किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने बताया कि सोमवार रात को लगभग सवा 8 बजे डल्लेवाल की तबीयत बहुत ज्यादा बिगड़ गई थी। उनका ब्लड प्रेशर 77/45 और पल्स रेट 38 से भी नीचे गिर गया था। डॉक्टरों ने बताया कि जब डल्लेवाल के पैरों को थोड़ा ऊपर उठाते हैं तो ब्लड प्रेशर थोड़ा बहुत स्थिर होता है, अन्यथा ब्लड प्रेशर और पल्स रेट बहुत नीचे चले जाते हैं। रात ढाई बजे तक डॉक्टरों के प्रयासों की वजह से ब्लड प्रेशर 95/70 पर थोड़ा बहुत स्थिर हो पाया।

## सम्पादकीय

# रिश्ते होंगे बेहतर

ट्रूडो के सत्ता में आने के बाद उम्मीद की गई थी कि आंतरिक मोर्चे पर नीतिगत और जमीनी स्तर पर जनता के हक में बदलाव लाने के साथ-साथ विदेश नीति के मोर्चे पर वे नए समीकरण खड़े करेंगे। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आखिर सोमवार को सत्ताधारी लिबरल पार्टी के नेता और प्रधानमंत्री पद से इस्तीफे की घोषणा कर दी। पिछले कई महीने से वे जिस तरह के जद्दोजहद से गुजर रहे थे, नीतिगत मुद्दों पर भी एक तरह के ऊहापोह और अस्पष्टता के शिकार दिख रहे थे, उससे साफ था कि उनके सामने कई ऐसी चुनौतियां हैं, जिनका सामना कर पाना उनके लिए मुश्किल हो रहा था। एक ओर, वे कनाडा में अपने नेतृत्व के प्रति बढ़ते असंतोष, महंगाई और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों का कोई उचित हल पेश नहीं कर पा रहे थे, तो दूसरी ओर विदेश नीति के मामले में भी उनके रुख पर कई हलकों में हैरानी जताई जा रही थी। ट्रूडो के सत्ता में आने के बाद उम्मीद की गई थी कि आंतरिक मोर्चे पर नीतिगत और जमीनी स्तर पर जनता के हक में बदलाव लाने के साथ-साथ विदेश नीति के मोर्चे पर वे नए समीकरण खड़े करेंगे। मगर बीते कुछ समय से कनाडा में जैसे हालात बन रहे थे, उसमें ट्रूडो के इस्तीफे को उनकी अपनी ही स्थितियों का शिकार होने के तौर पर देखा जा रहा है। कनाडा में कुछ समय पहले हुए एक सर्वेक्षण में सामने आया था कि पहली बार जब ट्रूडो प्रधानमंत्री बने थे, तब उन्हें तिरसठ फीसद लोग पसंद करते थे, लेकिन अब उनका समर्थन करने वालों की तादाद महज अट्ठाईस फीसद रह गई है। पार्टी और सरकार के ढांचे में भी उन्हें लेकर एक तरह का द्वंद्व चल रहा था। अर्थव्यवस्था की खस्ता हालत, हर स्तर पर बेकाबू महंगाई और भ्रष्टाचार के कई मामलों पर अस्पष्ट रुख की वजह से उनकी लोकप्रियता में लगातार गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा, भारत के साथ कूटनीतिक संबंधों के मामले में शायद सिर्फ अपने आग्रहों या नाहक जिद की वजह से ट्रूडो ने लगातार हालात बिगड़ने दिए। हालत यह है कि दोनों देशों के संबंधों में सुधार का रास्ता अब सिर्फ कनाडा की सत्ता में बदलाव को ही माना जा रहा है।

# रुपये की गिरावट को थामना जरूरी

डॉलर की तुलना में रुपये की विनियम दर में गिरावट विकास की राह का एक बड़ा रोड़ा है। सुचारु विकास की गति को सुनिश्चित करने के लिए इस पर काबू पाना आवश्यक है। विनिमय दर में गिरावट को रोकने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक विदेशी मुद्रा भंडार का इस्तेमाल कर रही है। चूंकि, डॉलर दुनिया की सबसे शक्तिशाली करेंसी है, इसलिए, मोटे तौर पर इसके माध्यम से ही दुनिया भर में कारोबार किए जाते हैं। रुपये में दिन के कारोबार के दौरान 27 दिसंबर 2024 को 2 साल में सबसे ज्यादा गिरावट देखी गई और यह एशिया में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली मुद्राओं में शामिल हो गया। रुपया लगातार पिछले 7 सालों में डॉलर के मुकाबले कैलेंडर वर्ष के अंत में कमजोर स्तर पर बंद हुआ है। वर्ष 2024 में रुपये में अब तक 2.7 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। रुपया कमजोर होकर 85.82 के निचले स्तर पर पहुंचने के बाद अब 85.54 प्रति डॉलर के स्तर पर आ गया है, जो रुपये का अब तक का सबसे निचला स्तर है। पुनः यह वर्ष 2008 में आई वैश्विक मंदी के बाद डॉलर के मुक़ाबले रुपये के विनिमय दर में सबसे बड़ी गिरावट है।

विदेशी मुद्रा भंडार का इस्तेमाल रुपये की कमजोरी को कम करने के कारण 27 दिसंबर 2024 को विदेशी मुद्रा भंडार में 8.48 अरब डॉलर की कमी दर्ज की गई। इसके पिछले सप्ताह यानी 20 दिसंबर को विदेशी मुद्रा भंडार से 1.99 अरब डॉलर निकाला गया था। सितंबर महीने में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.88 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया था। उसके बाद से इसमें लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है और अब यह 644.87 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है। अभी विदेशी मुद्रा भंडार के स्तर को चिंताजनक नहीं माना जा सकता है, लेकिन अगर इसी तरह विदेशी मुद्रा भंडार में कमी आती रही तो वह अर्थव्यवस्था की सेहत के लिए अच्छा नहीं होगा। विदेशी मुद्रा भंडार में कमी आने का अर्थ है कि निवेशक भारत में निवेश नहीं कर रहे हैं, जिसे अच्छा संकेत कतई नहीं माना जा सकता है। आमतौर पर जैसे ही डॉलर मजबूत होता है तो विदेशी निवेशक अधिक प्रतिफल की आस में अमेरिकी बाजार का रुख करते हैं और इसके कमजोर होने पर निवेशक पुनः अधिक प्रतिफल की आस में दूसरे देशों के बाजार की ओर रुख करते हैं। भारत में डॉलर के मुक़ाबले रुपये की कीमत में गिरावट आने के कुछ दूसरे अहम कारण भी हैं। जैसे, भारत के व्यापार घाटे में लगातार इजाफा होना है। यह अमूमन, निर्यात कम करने और आयात अधिक होने के कारण होता है। चूंकि, भारत अभी भी सभी जरूरत की वस्तुओं का उत्पादन नहीं करता है और वह पूरी तरह से या आंशिक रूप से अनेक उत्पादों के आयात पर निर्भर है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में अधिकांश लेन-देन अमेरिकी डॉलर के जरिये किया जाता है। इसलिए,आयात के लिए डॉलर की जरूरत होती है, जिसका सीधा प्रभाव बाजार और विविध वस्तुओं के उत्पादन पर पड़ता है। मसलन, अगर कोई उद्योग उत्पादन हेतु ऐसे कच्चे माल पर निर्भर है, जो भारत में नहीं पाया जाता है या फिर कोई जरूरी उत्पाद भारत में उपलब्ध नहीं है तो देशवासियों की जरूरत पूरी करने के लिए उनका आयात किया जाता है।

सत्तासीन होने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति के सकारात्मक भाषणों से निवेशकों का भरोसा अमेरिका के



बाजार पर बढ़ा है, जिससे डॉलर मजबूत हुआ है। अब विदेशी निवेशक दूसरे देशों से अपने निवेश को समेट करके अमेरिका में निवेश करने लगे हैं। इधर, अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने हाल में अपनी बेंचमार्क ब्याज दर में बदलाव लाने का इशारा करते हुए कहा कि वे 2025 में दो बार ब्याज दरों में कटौती कर सकते हैं। इस घोषणा के बाद डॉलर इंडेक्स 108.086 पर पहुंच गया, जो पिछले दो साल का सबसे ऊंचा स्तर है। इससे भी निवेशकों का भरोसा डॉलर पर बढ़ा है। रुपये में गिरावट का सीधा असर आयात वस्तुओं की लागत पर पड़ता है, जिसमें आयात किए जाने वाले उत्पाद के अलावा किसी उत्पाद के निर्माण हेतु कच्चे माल या पार्ट्स भी शामिल हैं। उदाहरणतया 100 डॉलर के किसी उत्पाद को खरीदने के लिए अगर किसी को पहले 8300 रुपये खर्च करने पड़ रहे थे तो रुपये में कमजोरी आने के बाद उसे 8,500 रुपये खर्च करने पड़ेंगे। जाहिर है, इसका प्रभाव आमजन के बजट एवं निवेश दोनों पर पड़ेगा।

डॉलर के महंगा होने का सीधा असर कच्चे तेल की कीमत पर पड़ता है। चूंकि, भारत पर्याप्त मात्रा में ईंधन का उत्पादन नहीं करता है, इसलिए, वह कच्चे तेल की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए आयात पर निर्भर है। अस्तु, कच्चे तेल की लागत में वृद्धि होने पर परिवहन की लागत बढ़ जाती है, जिससे जरूरी चीजों खास कर खाद्य उत्पादों की कीमत बढ़ जाती है, जिससे सभी का घरेलू बजट बिगड़ जाता है। पढ़ाई या घूमने के उद्देश्य से विदेश जाने वालों की लागत भी रुपये के कमजोर होने से बढ़ जाती है। कारोबार, जो आयात पर निर्भर हैं, उनके उत्पादों की लागत भी बढ़ जाती है और कंपनी की लाभप्रदता में कमी देखी जाती है। हालांकि, रुपये के कमजोर होने से निर्यातकों को फायदा होगा। उदाहरण के तौर पर आईटी, फार्मा, और जेम्स एंड जूलरी जैसे क्षेत्र के कारोबारियों को लाभ होगा, क्योंकि इनके कारोबारी निर्यात करते हैं और डॉलर के मजबूत होने से उन्हें अपने उत्पाद की ज्यादा कीमत मिलती है। शेयर बाजार पर भी रुपये के कमजोर होने से नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, क्योंकि विदेशी निवेशक अधिक प्रतिफल की आशा में रुपये की जगह अमेरिकी डॉलर में निवेश करते हैं और इसके लिए वे भारतीय शेयर बाजार से अपने निवेश की निकासी कर लेते हैं।

वैसे निवेशक, जो अमेरिका के शेयर बाजार में निवेश किए हुए हैं, उन्हें लाभ होता है। इस परिप्रेक्ष्य में रुपये की कमजोरी के दुष्परिणामों से बचने के लिए निवेशक अपने पोर्टफोलियो में बदलाव करके अपने नुकसान को कुछ हद तक जरूर कम कर सकते हैं। विगत कुछ तिमाहियों से हमारे देश में विनिर्माण क्षेत्र का प्रदर्शन खराब रह रहा है और औद्योगिक उत्पादन में गिरावट दर्ज की गई है। महंगाई की वजह से उपभोक्ता व्यय में कमी आई है, क्योंकि इससे लोगों की खरीदने की क्षमता कम हुई है। इससे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका है। ऐसे में रुपये की कमजोरी, स्थिति को और भी गंभीर बना रहा है। रुपये के कमजोर होने के फायदे कम और नुकसान अधिक हैं। इसलिए, सुधारात्मक उपाय हेतु भारतीय रिजर्व बैंक को विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाने के लिए कवायद करनी होगी, जोकि निश्चित रूप से एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, क्योंकि भारत अभी भी अपनी बहुत सी जरूरतों को पूरी करने के लिए आयात पर निर्भर है। मौजूदा समय में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक और आर्थिक अस्थिरता बढ़ने की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। फेडरल रिजर्व द्वारा आगामी महीनों में ब्याज दर में कटौती करने की भी संभावना है। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि चालू वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही के अंत तक डॉलर के मुक़ाबले रुपये का विनियम दर 86 रुपए प्रति डॉलर के स्तर पर पहुंच सकता है।

> डॉलर की तुलना में रुपये की विनियम दर में गिरावट विकास की राह का एक बड़ा रोड़ा है। सुचारु विकास की गति को सुनिश्चित करने के लिए इस पर काबू पाना आवश्यक है। विनिमय दर में गिरावट को रोकने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक विदेशी मुद्रा भंडार का इस्तेमाल कर रही है। चूंकि, डॉलर दुनिया की सबसे शक्तिशाली करेंसी है, इसलिए, मोटे तौर पर इसके माध्यम से ही दुनिया भर में कारोबार किए जाते हैं। रुपये में दिन के कारोबार के दौरान 27 दिसंबर 2024 को 2 साल में सबसे ज्यादा गिरावट देखी गई और यह एशिया में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली मुद्राओं में शामिल हो गया। डॉलर के महंगा होने का सीधा असर कच्चे तेल की कीमत पर पड़ता है।

# सावरकर के नाम पर कॉलेज खुलने से कांग्रेस खफा क्यों

वीर सावरकर के नाम पर दिल्ली यूनिवर्सिटी एक नया कॉलेज खोलने जा रही है। वीर सावरकर जैसे महान स्वाधीनता सेनानी के नाम पर कॉलेज खुलने से देशभर के नौजवान निश्चित रूप प्रेरित ही होंगे। इस बारे में किसी को किसी तरह का शक भी नहीं होना चाहिए। पर कांग्रेस को तकलीफ हो रही है। कांग्रेस को वीर सावरकर के नाम से ही हमेशा चिढ़ रही है। अब कांग्रेस को कौन बताए कि वीर सावरकर, जिनका पूरा नाम विनायक दामोदर सावरकर था, भारत के स्वाधीनता आंदोलन के अत्यंत महत्वपूर्ण हस्ताक्षर थे। वे एक महान क्रांतिकारी, राष्ट्रवादी विचारक, लेखक और वकील थे। उनका जीवन और कार्य भारतीय इतिहास के एक अत्यंत महत्वपूर्ण और क्रांतिकारी अध्याय का प्रतिनिधित्व करते हैं। काश, सावरकर के नाम पर खुलने वाले कॉलेज का विरोध करने वाले वीर सावरकर के बारे में अपनी महान नेता इंदिरा गांधी की ही राय को जान लेते। इंदिरा गांधी जब भारत की सूचना और प्रसारण मंत्री थीं, तब उन्हीं के निर्देश पर वीर सावरकर पर केंद्रित डाक्यमेंट्री फिल्म उनके विभाग ने बनाई थी। इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री रहते हुए सावरकर की स्मृति में डाक टिकट भी जारी हुआ। इंदिरा गांधी ने सावरकर को 'रिमार्केबल सन ऑफ इंडिया' कहा था। इंदिरा गांधी ने 20 मई 1980 को पंडित बाखले, सचिव, "स्वतंत्रवीर सावरकर राष्ट्रीय स्मारक" के नाम से संबोधित चिट्ठी में सावरकर के योगदान का जिक्र किया था। इस पत्र में उन्होंने लिखा, 'वीर सावरकर का ब्रिटिश सरकार के खिलाफ मजबूत प्रतिरोध हमारे स्वतंत्रता आंदोलन के लिए काफी अहम है। मैं आपको देश के महान सपूत के शताब्दी समारोह के आयोजन के लिए बधाई देती हूं।' अफसोस कि कांग्रेसियों को सच जानने से कोई मतलब ही नहीं रहा। उन्हें तो मीन-मेख निकालनी है। इसलिए इतनी पुरानी पार्टी सिकुड़ती ही चली जा रही है। वीर सावरकर तो बचपन से ही देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत थे और उन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ विरोध में भाग लेना शुरू कर दिया था। सावरकर 1905 में श्यामजी कृष्ण वर्मा द्वारा स्थापित 'इंडिया हाउस' में शामिल होने के लिए लंदन चले गए। लंदन में, उन्होंने 'अभिनव भारत' नामक एक गुप्त क्रांतिकारी संगठन की स्थापना की, जिसका उद्देश्य भारत को ब्रिटिश शासन से मुक्त करना था। उन्होंने '1857 का भारतीय स्वतंत्रता संग्राम' नामक एक पुस्तक लिखी, जिसमें उन्होंने 1857 के सिपाही विद्रोह को भारत का पहला स्वतंत्रता संग्राम बताया। इस पुस्तक को ब्रिटिश सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया था। सावरकर ने इटली के क्रांतिकारी नेता गिउसेप्पे मैजिनी से प्रेरणा ली और उनकी क्रांतिकारी विचारधारा को भारतीय संदर्भ में लागू करने का प्रयास किया। 1910 में, सावरकर को नासिक के जिला मजिस्ट्रेट जैक्सन की हत्या में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें दोषी ठहराया गया और 50 साल की कारावास की सजा सुनाई गई। उन्हें अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में स्थित सेलुलर जेल में भेजा गया, जहां उन्होंने कई वर्षों तक कठोर यातनाएं सहीं। काला पानी में उन्होंने एकांत कारावास, कठोर श्रम और अमानवीय परिस्थितियों का सामना किया। कोल्हू में बैल की तरह जोतकर उनसे सूखे नारियल से तेल निकलवाया जाता था। सावरकर हिंदू राष्ट्रवाद के एक प्रमुख पैरोकार थे। उन्होंने एक मजबूत और एकजुट हिंदू राष्ट्र की वकालत की। सावरकर ने जाति व्यवस्था और छुआछूत जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। वीर सावरकर का एक शानदार चित्र पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में लगा हुआ था। उनके चित्र का 26 फरवरी, 2003 को तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने संसद भवन में अनावरण किया था। इसे चंद्रकला कुमार कदम ने बनाया था। जब वीर सावरकर का चित्र लगाने की पहल हुई तब भी कांग्रेस ने यह कहकर विरोध किया था कि वे सांसद नहीं थे। तब कांग्रेसी भूल गए थे कि लोकमान्य तिलक तथा महात्मा गांधी जैसे राजनीतिज्ञ व स्वाधीनता संग्राम में अहम योगदान देने वाले व्यक्ति भी तो सांसद नहीं थे। उनके त्याग व समर्पण को देखते हुए केन्द्रीय कक्ष में उनका चित्र स्थापित कर सम्मान दिया गया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कुछ समय पहले वीर सावरकर पर गैर-जरूरी एवं अपमानजनक टिप्पणी की थी। उनकी बयानबाजी से शिव सेना नेता उद्धव ठाकरे भी नाराज हो गए थे। खैर, वीर सावरकर कॉलेज खुलने से राजधानी में उस महान स्वाधीनता सेनानी के नाम पर महत्वपूर्ण प्रतीक स्थापित हो जाएगा। देर से ही सही, राजधानी दिल्ली में अब वीर सावरकर का एक अहम प्रतीक स्थापित होने जा रहा है।

## पसंद और नापसंद से मुक्त होना जरूरी

आपने देखा होगा कि लोग बड़े गर्व से अक्सर कहते हैं, 'मुझे यह पसंद है, इसलिए मैं यह करके रहूंगा और वह मुझे पसंद नहीं है, इसलिए उसे मैं बिल्कुल नहीं करूंगा, क्योंकि मैं स्वाधीन हूं।' क्या आपने कभी ध्यान दिया है कि यह सोच सचमुच आपकी स्वाधीनता से जन्मा है? यह स्वाधीनता नहीं है, यह तो बेबसी है, लाचारी है। पसंद और नापसंद की बेड़ियों में आज लगभग पूरी मानवता जकड़ी हुई है। सभी पारिवारिक झगड़ों की जड़ में लोगों की व्यक्तिगत पसंद और नापसंद ही होती हैं। पसंद और नापसंद को लेकर समाज, राष्ट्र और धर्म तक बंटे हुए हैं। जब हमारे सोच का दायरा बहुत सीमित होता है, हम कई तरह के पूर्वाग्रहों से ग्रस्त हो जाते हैं, फिर हम पर पसंद और नापसंद की सनक सवार हो जाती है। तब हम उसे नहीं देख पाते, जिसकी जरूरत है। हम वही करते हैं, जिसे हम पसंद करते हैं। वह नहीं करते, जिसे किए जाने की आवश्यकता है। फिर शुरू होता है अविराम झंझटों व विवादों का सिलसिला और उसी में उलझकर रह जाता है हमारा लघु-जीवन। योग परंपरा में भीतरी आयाम को बहुत गहराई से देखा गया और भीतरी पराधीनता से मुक्त होने की कई तकनीकों का आविष्कार किया गया, क्योंकि जो भीतरी पराधीनता का शिकार नहीं है, उसे कोई बाहरी शक्ति उस पर नियंत्रण नहीं कर सकती। पसंद और नापसंद की सनक से मुक्त होने के लिए हमें अपनी चेतना पर काम करना होगा। एक जागरूक व्यक्ति ही यह देख पाने में सक्षम होता है कि किसी विशेष परिस्थिति में क्या आवश्यक है और क्या किया जाना चाहिए।

## कोयल- अपनी वाणी को मधुर बना लेना

एक बार वसंत ऋतु में एक कोयल वृक्ष पर बैठी कूक रही थी। आते-जाते लोग उसकी कूक को सुनते और उसकी सुरीली आवाज का आनंद लेते हुए उसकी तारीफ के पुल बांधते। कुछ देर बाद कोयल के सामने एक कौआ तेज गति से आया। कोयल ने उससे पूछाः इतनी तेज गति से कहां जा रहे हो? कुछ देर बैठो, बातें करते हैं। कौए ने उत्तर दियाः कि वह जरा जल्दी में है और देश को छोड़कर परदेस जा रहा है। कोयल ने इसका कारण पूछा तो कौआ बोलाः यहां के लोग बहुत खराब हैं। सब तुम्हें ही चाहते हैं। सभी लोग सिर्फ तुम्हारा आदर करते हैं। वह यही चाहते हैं कि तुम हमेशा की तरह इसी प्रकार से उनके क्षेत्र में गाती रहो। वहीं जहां तक मेरी बात है तो मुझे कोई देखना तक नहीं चाहता। यहां तक कि मैं किसी की मुंडेर पर बैठता हूं तो मुझे कंकड़ मारकर वहां से भगा दिया जाता है। मेरी आवाज भी कोई नहीं सुनना चाहता। जहां मेरा अपमान हो, मैं ऐसे स्थान पर एक क्षण भी नहीं रहना चाहता। ज्ञानियों ने भी हमें यही शिक्षा दी है कि अपमान की जगह पर नहीं रहना चाहिए। यह सुनकर कोयल बोली, परदेस जाना चाहते हो तो बड़े शौक से जाओ। यह पूरी तरह से तुम्हारी इच्छा पर निर्भर है। लेकिन एक बात का सदैव ध्यान रखना कि वहां जाने से पहले अपनी आवाज को बदल लेना। अपनी वाणी को मधुर बना लेना। यदि तुम्हारी वाणी ठीक वैसी ही कठोर रही, जैसी यहां पर है तो परदेस में भी लोग तुम्हारे साथ वही व्यवहार करेंगे जो अभी हो रहा है। संसार जो है, जैसा भी है, उसे बदला नहीं जा सकता।

# सर्दियों में रोज खाएं एक चुटकी हींग

हमारे किचन में कई ऐसी चीजें मौजूद हैं, जो खाने के स्वाद को अनूठा बनाती हैं। इन्हीं में से एक है हींग। इसे 'किचन की शान' माना जाता है। दाल या सब्जी में हींग का तड़का लगाते ही वह न सिर्फ खुशबू से महक उठते हैं, बल्कि उनका स्वाद भी बढ़ जाता है। हींग हमारे स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है। सर्दियों में चुटकी भर हींग गर्म पानी में मिलाकर पीने से वायरल इन्फेक्शन का खतरा कम होता है। साथ ही हींग को अपनी डाइट में शामिल करने से कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से बचा जा सकता है। आमतौर पर लोगों को लगता है कि हींग किसी फैक्ट्री में बनती है, लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं है। इसका एक पौधा होता है। इसे 'फेरूला' कहा जाता है। यह पौधा दिखने में सरसों या सौंफ के पौधे की तरह होता है। हींग पौधे की पत्तियों और तनों के बजाय उसकी जड़ों से निकाली जाती है। पौधे की जड़ में गोंद जैसा एक गाढ़ा पदार्थ निकलता है। यही शुद्ध हींग होती है, लेकिन ये बहुत तेज होती है। इसे खाने में सीधा मिलाने से स्वाद बिगड़ सकता है। इसलिए इसमें स्टार्च, मैदा या चावल का आटा मिलाकर धूप में सुखाया जाता है। बाद में इसे पीसकर खाने में मिलाने लायक बनाया जाता है। आमतौर पर बाजार में मिलने वाली हींग में 30 प्रतिशत हींग और 70 प्रतिशत स्टार्च मिला होता है। भारत में इस्तेमाल होने वाली अधिकांश हींग ईरान, अफगानिस्तान, उज्बेकिस्तान और कजाकिस्तान जैसे देशों से आती है। काउंसिल फॉर साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत इन देशों से हर साल 1200 टन हींग इम्पोर्ट करता है। भारत में भले ही हींग की उपज नहीं होती है, लेकिन दुनिया में हींग की सबसे ज्यादा खपत भारत में ही होती है। हींग में एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-बैक्टीरियल और एंटीऑक्सिडेंट गुण होते हैं, जो हमें कई बीमारियों से बचाते हैं। हींग की तासीर गर्म होती है, जो सर्दियों में हमारे शरीर को अंदर से गर्म रखती है। इससे वायरल इन्फेक्शन का खतरा कम होता है। हींग में एंटी-ऑक्सिडेंट होते हैं, जो पेट संबंधी समस्याओं से निजात दिलाते हैं। हींग हमारे पाचन तंत्र को दुरुस्त बनाए रखने में मददगार है। चुटकी भर हींग सर्दी-खांसी समेत अन्य मौसमी बीमारियों से बचाती है। इसमें एंटी-वायरल और एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो सांस संबंधी समस्याओं से भी बचाते हैं। हींग हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों के लिए फायदेमंद है। इसमें कोमेरिन नाम का कंपाउंड होता है। इससे ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने में मदद मिलती है। साथ ही ब्लड सर्कुलेशन भी बेहतर रहता है। हींग शरीर में कोलेस्ट्रॉल लेवल को भी कंट्रोल करती है। इससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी कार्डियोवस्कुलर डिजीज का खतरा कम होता है। खाने में हींग



की मात्रा कितनी होनी चाहिए, यह व्यक्तिगत पसंद, हींग की क्वालिटी और मेडिकल कंडीशन पर निर्भर करता है। हालांकि दाल या सब्जी में एक चुटकी हींग मिलाना पर्याप्त है। ज्यादा हींग खाने से साइड-इफेक्ट्स भी हो सकते हैं। हींग को पानी में मिलाकर सुबह खाली पेट पी सकते हैं। एक गिलास गुनगुने पानी में चुटकी भर हींग मिलाकर पीने के कई फायदे हैं। इससे डाइजेशन सिस्टम दुरुस्त रहता है, जिससे अपच, गैस या पेट दर्द की समस्या नहीं होती है। इसके अलावा जिन लोगों को सर्दियों में जल्दी वायरल इन्फेक्शन होता है, उनके लिए हींग का पानी पीना फायदेमंद है। दाल और सब्जी में हींग का तड़का लगाने से न केवल स्वाद बढ़ता है, बल्कि यह इम्यून सिस्टम को भी मजबूत बनाता है। इससे सर्दियों में होने वाली मौसमी बीमारियों से लड़ने में मदद मिलती है। साथ ही बदहजमी, खट्टी डकार, पेट दर्द और अपच जैसी समस्याएं दूर होती हैं। अदरक और हींग, दोनों ही पेट के लिए बेहद फायदेमंद हैं। हींग और अदरक का पेस्ट बनाएं और इसे पानी में मिलाकर पिएं। इससे पेट की चर्बी कम होती है और वजन घटाने में मदद मिलती है। कोई भी चीज सीमित मात्रा में ही खानी चाहिए क्योंकि अधिक सेवन से साइड इफेक्ट्स भी होते हैं। अधिक मात्रा में हींग खाने से कई समस्याएं हो सकती हैं। इसे नीचे ग्राफिक से समझिए- अगर सही मात्रा में हींग खाई जाए तो उससे किसी को कोई नुकसान नहीं है। हालांकि जिन लोगों को अल्सर और गैस्ट्राइटिस जैसी पेट से जुड़ी समस्याएं हैं, उन्हें हींग खाने से बचना चाहिए। इससे यह समस्या और बढ़ सकती है। हींग की कीमत इस बात पर निर्भर करती है कि उसमें किस तरह का स्टार्च मिलाया गया है। आमतौर पर 1 किलो ग्राम शुद्ध हींग की कीमत 5 हजार रुपए से 25 हजार रुपए तक हो सकती है। यह रेट हींग के ब्रांड और गुणवत्ता के आधार पर कम या ज्यादा होता है।

CMYK

# जनमार्ग सिटी न्यूज

JANMARG news

श्रीगंगानगर, बुधवार, 08 जनवरी 2025



# वोल्यूमेट्रिक आंकलन और खनिज प्रबंधन में ड्रोन तकनीकों पर लीज धारकों से करेंगे सीधा संवाद

❑ मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा माइनिंग सेक्टर में लगातार सुधार और सरलीकरण

❑ ड्रोन सर्वे क्षेत्र के विशेषज्ञ लीजधारकों को देंगे प्रस्तुतिकरण, नियम कायदों से भी कराएंगे रुबरु

**जयपुर (जनमार्ग न्यूज)।** जनवरी के दूसरे पखवाड़े में माइनिंग सेक्टर में वोल्यूमेट्रिक आकलन और खनिज प्रबंधन में ड्रोन तकनीकों के उपयोग पर विशेषज्ञ प्रदेश के खनिज लीज धारकों से सीधा संवाद कायम करेंगे। प्रमुख शासन सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम टी. रविकान्त ने बताया कि राज्य में आधुनिकतम तकनीक के उपयोग और पारदर्शी व्यवस्था के तहत 1 अप्रेल, 2025 से सभी अप्रधान खनिज लीज धारकों को लीज क्षेत्र और उसके पास के 100 मीटर क्षेत्र का ड्रोन/एरियल सर्वे कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पिछले दिनों नई व्यवस्था के तहत ड्रोन/एरियल सर्वे में प्राप्त खनन रिपोर्ट और संबंधित लीजधारक द्वारा पूर्व में प्रस्तुत की गई रिपोर्ट में अंतर आने की स्थिति में राहत देने के लिए राज्य सरकार ने एकबारीय समाधान योजना भी लागू कर दी है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री एवं खान मंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेश के खनिज लीज धारकों को नई व्यवस्था के संबंध में विषेषज्ञों व ड्रोन निर्माता कंपनियों से प्रजेटेंशन के माध्यम से अवेयरनेस की आवश्यकता प्रतिपादित की है।

प्रमुख सचिव माइंस टी. रविकान्त ने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा कि परिवर्तित बजट घोषणा की क्रियान्विति में वोल्यूमेट्रिक एसेसमेंट व्यवस्था लागू करने और इससे होने वाले प्रभाव से खनिज लीज लाइसेंसधारकों को एकबारीय राहत प्रदान करते हुए एकमुश्त समाधान योजना लागू कर दी है। वोल्यूमेट्रिक एसेसमेंट से खनन लीज क्षेत्र में धारक द्वारा किये गए वैध खनन, अवैध खनन या अन्य क्षेत्र के रवन्ना जारी होने की स्थिति साफ हो जाएगी। इस व्यवस्था की सबसे खास बात यह है कि खनिज लीज धारक द्वारा



वोल्यूमेट्रिक एसेसमेंट कराकर प्रस्तुत करने से भविष्य के लिए विवाद नहीं रहेंगे। रविकान्त ने बताया कि वोल्यूमेट्रिक आकलन और खनिज प्रबंधन में ड्रोन तकनीकों के उपयोग पर आयोजित कार्यक्रम के लिए अतिरिक्त निदेशक माइंस जयपुर बीएस सोढ़ा को नोडल अधिकारी बनाया गया है। लीज धारकों से सीधे संवाद में राजस्थान अप्रधान खनिज रियायती नियमों में ड्रोन सर्वे प्रावधानों की जानकारी देने के साथ ही आइडिया फोर्ज द्वारा खनन में ड्रोन सर्वे का अनुप्रयोग, इंस्टाडिजाइन द्वारा ड्रोन से प्राप्त डेटा का खदान प्रबंधन में विशेषज्ञों द्वारा विश्लेषण, गरुड सर्वे द्वारा ड्रोन सर्वे के माध्यम से खनन में उत्खनन का वोल्यूमेट्रिक आकलन और एपीएसएल साल्यूशन द्वारा उत्खनन में ड्रोन सर्वे तकनीक और स्फेयर द्वारा डीजीसीए द्वारा ड्रोन सर्वे लाइसेंस के दिशानिर्देश और प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। निदेशक माइंस भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि राज्य सरकार ने प्रदेश में हजारों की संख्या में लीजधारकों की सुविधा के लिए वोल्यूमेट्रिक आकलन के निर्देश और एकबारीय समझौता योजना जारी कर दी है। अब नई व्यवस्था लागू होने से पहले लीज धारकों को आवश्यक नियमों और प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए लीजधारकों व संबधित विशेषज्ञों को साझा मंच उपलब्ध कराया जा रहा है।




## रोटरी सिटी ने की गौ सेवा

**श्रीगंगानगर।** रोटरी क्लब श्रीगंगानगर सिटी ने श्री कृष्ण गौशाला कुण्डलावाली में गौ सेवा की। अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र ढाका ने बताया कि सवामनी और हरा चारा वितरण में एडवोकेट पूरण घोड़ेला, दीपक गोयल,राकेश गोयल,अतुल अग्रवाल,संजय अग्रवाल, विनोद गुप्ता, अजय झुंथरा,दीपक अग्रवाल ,राजकुमार बोगी,सुनील सिंघल आदि की सहभागिता रही।

श्री अरोड़वंश सेवा ट्रस्ट ने डीआईजी पद पर पदोन्नति होने पर

# पुलिस अधीक्षक गौरव यादव का किया अभिनंदन

## पुलिस अधीक्षक के कार्यकाल की सराहना की

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** श्री अरोड़वंश सेवा ट्रस्ट (रजि.) द्वारा पुलिस अधीक्षक गौरव यादव का डीआईजी पद पर पदोन्नत होने पर अभिनंदन-सम्मान किया गया। ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शोपत सिंह कायल (राजगुरु) तथा श्री अरोड़वंश सेवा ट्रस्ट (रजिस्टर्ड) के प्रधान सेवादार एडवोकेट तरुण अरोड़ा गंगानगर ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक गौरव यादव को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया तथा डीआईजी बनने पर खुशी का इजहार करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके कुशल नेतृत्व में कानून व्यवस्था की स्थिति और अधिक सुदृढ़ होगी।

प्रधान सेवादार एडवोकेट तरुण अरोड़ा गंगानगर ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार द्वारा अच्छा काम करने पर नववर्ष पर राजस्थान के पुलिस अधिकारियों को प्रमोट करके खास तोहफा देने के साथ-साथ प्रोत्साहित किया गया है। गृह विभाग द्वारा राजस्थान कैडर के पुलिस अधिकारियों की प्रमोशन लिस्ट जारी की गई है। इस सूची



में वर्ष 2011 बैच के श्रीगंगानगर के पुलिस अधीक्षक गौरव यादव को उप महानिरीक्षक पद पर प्रमोट किया गया है। उन्होंने श्रीगंगानगर पुलिस अधीक्षक के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस अधीक्षक गौरव यादव द्वारा श्रीगंगानगर शहर को समाजकंटको से बचाने, नशे की रोकथाम सहित अपराधियों को पकड?र कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त किया गया है। इससे अपराधियों में भय व्याप्त होने के साथ-साथ आमजन का पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है। इस मौके पर उन्होंने यातायात व्यवस्था को सुधारने की दिशा में किए जा रहे कार्यों को सराहते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा के तहत पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में 1 जनवरी से 31 जनवरी, 2025 तक यातायात महीना मनाया जा रहा है, जिसके तहत पुलिस थाना कोतवाली प्रभारी पृथ्वीपाल, यातायात प्रभारी रघुवीर बीका, जवाहरनगर थाना प्रभारी देवेंद्र राठौड़, ज्योति नायक सहित समस्त थानों के थाना प्रभारियों द्वारा सक्रिय भूमिका निभाई जा रही है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके। उन्होंने आमजन से भी यातायात नियमों का पालन करने का आह्वान किया है।

# मजदूर कार्ड केम्प कल वार्ड 5 करणी माता मंदिर में



जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** शनिवार से बुधवार चार दिन बाबा रामदेव प्राचीन जाल मंदिर वार्ड नंबर 9/10 में लेबर यूनियन के जिला अध्यक्ष लखविंदर सिंह श्रीगंगानगर के निर्देशन मे तहसील अध्यक्ष सुरतगढ़ गगनदीप सिंह ने केम्प लगा कर मजदूर कार्ड बनाये,जीस में मजदुरो ने काफी उत्साह दिखाया। अगला केम्प वार्ड नंबर 5 श्री करणी माता मंदिर,गूरुशरण छाबड़ा राजकीय महाविद्यालय के पीछे तीन दिन के लिये लगाया जायेगा,जीन के नहीं बने,वह इस केम्प में बनवा सकते है,केम्प में नये मजदूर कार्ड के अलावा पहले बने कार्डो का नविनिकरण किया जा रहा है,भवन एवं अन्य सनिर्माण श्रमिकों की सुविधा के लिये यह केम्प लगाये जा रहे हैं, श्री गंगानगर जा कर कार्ड बनवाना श्रमिकों को महंगा पड़ता है व परेशानी होती है।

# महिला बाल विकास विभाग कार्यालय पर चेतावनी रैली 21 जनवरी को

## सरकार ने पूर्ववती काग्रेस सरकार की जन कल्याणकारी योजना जिसमें सेवानिवृति पर 2 लाख से 3 रुपए महिलाओं को मिले योजना का रोका

**गजसिंहपुर (जनमार्ग न्यूज)।** महिला बाल विकास संयुक्त कर्मचारी संघ के बैनर तले प्रदेश की आगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिका, ग्राम साथिनो के प्रदेश पदाधिकारियो की आवश्यक बैठक जयपुर में संघ के संस्थापक संरक्षक सीएल बुनकर की अध्यक्षता में आयोजित की गयी जिसमें चुनावी घोषणा पत्र में किये गये वादेनुसार मानदेय वृद्धि नही की, जिसमें कार्यकर्ता के 13 हजार व सहायिका, साथिन के 6हजार 5 सों रुपये करना था नही किया। बीजेपी ने रोजगार का वादाकर सत्ता हासिल की परन्तु महिला अधिकारिता विभाग में कार्यरत ग्राम साथिनो को नगर पालिका क्षेत्र विस्तार के कारण सैकण्डो साथिन कार्मिकों को ही मानदेय सेवा से पृथक कर उन्हें बेराजगार कर दिया गया। पूर्ववती कांग्रेस सरकार की कल्याणकारी योजना- सेवानिवृति पर



आंगनवाडी कार्मिको को सेवाकाल के अनुपात में 2 से 3 लाख रु का नगद भुगतान करने की योजना को रोकने पर चिन्ता एवं अफशोस जाहिर किया। प्रदेशाध्यक्ष लक्ष्मी यादव ने बताया कि नियमित कर्मचारी बनाने % सम्मानजनक मानदेय वृद्धि की मांग को लेकर 2द्य जनवरी को निदेशालय पर चेतावनी रैली व विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। बजट घोषणा में नियमित कर्मचारी बनाने व सम्मान जनक मानदेय वृदि 21हजार करने की घोषणा बजट मे नही गयी तो बजट सत्र में ही 1 लाख महिलाए परिवार सहित विधान सभा का घेराव कर विरोध प्रदर्शन करेगी।

# गौशाला को खल चूरी व नगद राशि भेट



**खोथांवाली (जनमार्ग न्यूज)।** श्री श्याम गौशाला गौशाला में खल चूरी और नकद राशि की सेवा की गई गांव अमर सिंह वाला के बाबा आत्मा दास ने डेरे के संचालक सेवादार बाबा सुखा सिंह के द्वारा श्री श्याम गौशाला खोथांवाली में गौ माता के लिए 10 बोरी खल चूरी, 50 किलो गुड़, 20 किलो नमक पांच झाड़ू और ?2100 नगद राशि गौशाला के पदाधिकारी को भेंट की इस मौके पर बाबा आत्मा दास डेरे के संचालक सेवादास सुखा सिंह ,श्री श्याम गौशाला खोथांवाली के कोषाध्यक्ष जीतराम वर्मा संचालक मंडल के प्रेम खोथ , हनुमान सहारण व अन्य भक्तगण मौजूद रहे ज्ञात रहे कि गांव अमर सिंह वाला के डेरे के संचालक सेवादार सुखासिंह के द्वारा गौशालाओं में गौ माता की सेवा के लिए प्रत्येक सप्ताह खल चूरी के साथ नगद राशि भेंट करते हैं।

# श्री श्याम निशान राम रथ यात्रा के निमंत्रण-पत्र एवं पोस्टर का विमोचन

▼ रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर 11 जनवरी को भव्य श्री श्याम निशान राम रथ यात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी ▼ शहर के विभिन्न मंदिरों सहित पंजाब से संचेतन झांकियां भी होगी शामिल

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** श्री राम जन्म भूमि तीर्थ अयोध्या धाम में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में श्रीगंगानगर में 11 जनवरी, शनिवार को प्रातः 8.15 बजे श्री दुर्गा मंदिर मार्केट से सिद्ध धाम श्री खाटू श्याम धाम सुदामा नगर श्रीगंगानगर तक निकाली जा रही भव्य श्री श्याम निशान राम रथ यात्रा के निमंत्रण-पत्र एवं पोस्टर का विमोचन समारोह हर्षोल्लासपूर्वक आयोजित किया गया। सेवादार अजय 'राधे-राधे' ने बताया कि सुदामा नगर स्थित सिद्ध धाम श्री खाटू श्याम धाम में हुए कार्यक्रम में शहर की लगभग 100 से अधिक सामाजिक, धार्मिक व व्यापारिक संस्थाओं के



पदाधिकारियों, सदस्यों तथा श्रद्धालुओं द्वारा भक्ति भाव से भव्य श्री श्याम निशान राम रथ यात्रा के निमंत्रण-पत्र एवं पोस्टर का विमोचन किया गया। उन्होंने विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि 11 जनवरी, शनिवार सुबह 8.15 बजे श्री दुर्गा मंदिर मार्केट से सिद्ध धाम श्री खाटू श्याम धाम सुदामा नगर श्रीगंगानगर तक निकाली जा रही भव्य श्री श्याम निशान राम रथ यात्रा में श्याम बाबा व रामलला का फूलों से भव्य श्रृंगार सबके आकर्षण का केन्द्र रहेगा। श्याम बाबा व रामलला भव्य रथ पर विराजमान होंगे, जिसे भक्तों द्वारा हाथ से खींचा जाएगा तथा पूरे रास्ते जगह-जगह पलक-पावड़े बिछाकर पुष्प वर्षा करके श्रद्धालुओं द्वारा जोरदार स्वागत किया जाएगा। इस मौके पर शहर के विभिन्न मंदिरों से संचेतन झांकियां भी शामिल होगी तथा पंजाब से विशेष रूप से रामलला की संचेतन झांकी विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेगी।

# स्वामी विवेकानंद जयन्ती पर साइकिल और मैराथन दौड़

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** स्वामी विवेकानंद जयन्ती 12 जनवरी पर साइकिल और मैराथन दौड़ का आयोजन के लिए विश्व हिंदू परिषद श्री गंगानगर के तत्वाधान में एक बैठक ज़िला अध्यक्ष उमाशंकर मित्तल की अध्यक्षता में हुई।इस आयोजन में नगर की विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से सैकड़ों लोग साइकिल व मैराथन दोड़ में शामिल होंगे।बैठक में



कार्यक्रम संयोजक डॉ महेश माहेश्वरी व सह संयोजक निर्मल जैन और जी. पी . सिंह अर्नेजा को बनाया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ महेश माहेश्वरी ने बताया साइकिल और मैराथन दौड़ के माध्यम से, युवा न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ और सक्रिय रहते हैं, बल्कि वे स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को भी जीवंत करते हैं और अपने जीवन में उनके सिद्धांतों को लागू करने के लिए प्रेरित होते हैं। सह संयोजक निर्मल जैन और जी. पी . सिंह अर्नेजा ने बताया 12 जनवरी2025 सुबह 7-30 बजे स्थान बाला जी स्क्वायर मार्किट,शिव चौंक से साइकिल और मैराथन दौड़ प्रारम्भ होगी । स्वामी विवेकानंद जयन्ती पर साइकिल और मैराथन दौड़ का आयोजन एक उत्कृष्ट तरीका है जिसमें युवा अपनी ऊर्जा और उत्साह को सकारात्मक दिशा में लगा सकते हैं। यह आयोजन न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है, बल्कि यह स्वामी विवेकानंद के आदर्शों और सिद्धांतों को भी प्रसारित करता है, जिन्होंने युवाओं को अपने जीवन को सार्थक और अर्थपूर्ण बनाने के लिए प्रेरित किया।

# द वॉयस ऑफ सूरतगढ़ सीनियर जूनियर प्रतियोगिता का आयोजन

**सूरतगढ़ (जनमार्ग न्यूज)।** मनन संगीत कला केंद्र की तरफ से द वॉयस ऑफ सूरतगढ़ सीजन 4 सीनियर जूनियर प्रतियोगिता का आयोजन महाराजा सिनेमा में किया गया। मुख्य अतिथि जिला लोकपाल अनिल धानुका, पूर्व पालिका अध्यक्ष परसराम भाटिया, अधिशासी अभियंता भारत भूषण शर्मा, एडवोकेट राजेंद्र तनेजा, युवा नेता योगेश मेघवाल, जागृति युवा मंच के कमांडो जगदीश थालोड़, मोहम्मद तबरेज, राधे श्याम सारस्वत अंकुश कुमार, इंजीनियर रमेश चंद्र माथुर,कोच गुरप्रेम सिंह मान, त्रिमूर्ति मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद ज्याणी, सुभाष कड़वासरा, कमल धिंगड़ा, श्रीमती सुमित शर्मा, सारिका बगड़वा ने मां सरस्वती के आगे दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। सीनियर और जूनियर वर्ग की प्रतियोगिता के लिए आयोजित गायन प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में द वॉयस ऑफ़ सूरतगढ़ सीजन 4



विजेता शहनाज बानो, दूसरे स्थान पर दिनेश कुमार और तीसरे स्थान पर निकिता चौधरी रहे, जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर अमित कल्याणा, दूसरे स्थान पर भूमिका और तीसरे स्थान पर प्रज्ञा रही। निर्णायक मंडल के कमलेश कल्याणा, मदन सोलेरा, भूपेंद्र कल्याणा ने विजेता प्रतिभागियों की घोषणा करते हुए कहा संगीत साधना में शिक्षा ग्रहण करके देश ही नहीं विदेश में भी अपना नाम रोशन करने के लिए एकाग्र होकर संगीत के प्रति समर्पित रहेंगे तभी कामयाब होंगे। अतिथियों ने विजेता प्रतिभागियों को महालक्ष्मी टीवीएस की तरफ से ट्रॉफी और उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में संस्था के मोहम्मद अली कादरी, मोहम्मद इब्राहिम, राजेंद्र पारीक, सलीम, दिलीप कुमार, सीताराम खाती, शब्बीर मुगल, ललित मोहता, पीतांबर दत्त शर्मा, गुलशन बगड़वा, हरबंस सिंह, पूनम चंद दैया, सुभाष चंद्र, सुमन सियाग, गीता खेरिया, रेखा मौर्या, अनवर हुसैन, गुरमीत सिंह ने अतिथि कलाकार के रूप में प्रस्तुतियां दी। संस्था के मोहम्मद अली कादरी द वॉयस ऑफ़ राजस्थान विजेता रुखसाना मिरासी संजीव भारद्वाज बीकानेर से आई विक्की सैनी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए सभी का आभार प्रकट किया।

CMYK

# गौर करें इन बातों पर तो होगी नए साल में इनकम शानदार

जॉब करने वाला शख्स हो या बिजनेस, आज के दौर में हर कोई खूब पैसा कमाना चाहता है। लेकिन सिर्फ चाहने भर से आपकी इनकम नहीं बढ़ेगी। इसके लिए आपको अपनी वर्किंग स्टाइल, और सोच में बदलाव करने के साथ पैसा कमाने के स्मार्ट तरीके भी अपनाने होंगे। अभी शुरू हुए नए साल में अगर आप ऐसा कर लेते हैं तो आपकी इनकम शानदार हो जाएगी।





आज की अर्थ प्रधान दुनिया में अगर आपके पास पैसा नहीं है, तो रोजमर्रा की जिंदगी बहुत टफ हो जाती है। इसीलिए आज हर कोई धनी बनना चाहता है। जेब में भरपूर पैसे हों, तो समाज और परिवार में भी सम्मान मिलता है और आत्मविश्वास भी बुलंदी पर रहता है। लेकिन धन सोचने मात्र से नहीं कमाया जा सकता। इनकम बढ़ाने और समृद्ध बनने के लिए कुछ बुनियादी बातों को जानना और उन पर अमल करना बेहद जरूरी है।

**अच्छी रखें इमेज-स्टेटस:** वित्त की दुनिया का उसूल है, अगर आप किसी को पैसे चुकाने में सक्षम दिखेंगे, तभी आप पर कोई भरोसा करके आपके साथ उधार में बिजनेस करेगा या कर्ज देगा। आप स्मार्ट और अपडेट दिखेंगे, तभी लोग आपसे रिलेशन रखेंगे, आपसे बातें करेंगे, आपकी परियोजनाओं और बिजनेस प्लान में दिलचस्पी लेंगे। लेकिन आप हर वक्त कंजूसी बरतेंगे, दयनीय स्थिति में दिखेंगे तो कोई भी आप पर यकीन नहीं करेगा। अगर आपकी कर्ज अदायगी की क्षमता पर दूसरों को संदेह रहेगा तो आपको कभी भी बिजनेस या अपने कार्यक्षेत्र में कामयाबी नहीं मिलेगी। इसलिए आपको अपनी इमेज और स्टेटस सही रखने पर ध्यान देना होगा।

**ना हो आत्मविश्वास में कमी:** इनकम बढ़ाने के लिए आपमें भरपूर आत्मविश्वास होना चाहिए। आपको अपने आस-पास कई ऐसे लोग मिलते होंगे, जो कहते हैं कि मैं अपनी इनकम डबल करना चाहता हूं। लेकिन जब आप उनके काम करने का तरीका देखते हैं, तो आपको पता लगता है कि वे ऐसे काम नहीं कर रहे हैं, जिनसे आमदनी दोगुनी हो। ऐसे लोगों का नजरिया प्रायः ऐसा होता है कि कार या बाइक खरीदनी हो तो वे पहले ही हताशा में कहते हैं कि मैं इसका खर्च नहीं उठा सकता। इस तरह तो आप खुद को अपने ही सपनों से दूर कर रहे होते हैं। नजरिया ऐसा होना चाहिए कि अपनी पसंद की चीज की तरफ देखकर खुद से कहें, 'मैं इसका खर्च उठा सकता हूं। मैं इसे खरीद सकता हूं।' ऐसी सोच से आप खुद को बदलने लगेंगे और पैसे के बारे में बेहतर महसूस करेंगे। किसी दूसरे को अपनी अहमियत समझाने का सबसे पहला कदम तो यह है कि आप खुद को कमजोर ना समझें। पहले अपनी काबिलियत को पहचानने के प्रयास करें। यह एकदम से नहीं हो सकता। आत्मविश्वास बढ़ाने का प्रयास आपको खुद ही करना होगा।

**स्मार्ट इनवेस्टमेंट सीखें:** विशेषज्ञों से सलाह लेकर पैसे का सही जगह पर निवेश करें, उनसे व्यापार करें, शेयर, प्रॉपर्टी, म्यूचुअल फंड आदि की खरीद-फरोख्त करें। जो लोग पैसे को छिपाते हैं, वे उसका बहाव रोक देते हैं। रुका हुआ पैसा आपके लिए लाभदायी नहीं रह जाता है। पैसे के बहाव का मतलब सिर्फ पैसा खर्च करना नहीं है, बल्कि पैसे का सही इस्तेमाल करना भी होता है। पैसा ऐसी जगह पर लगाना चाहिए, जहां से वह बढ़ कर आए। कई लोग पैसों को फिक्स डिपॉजिट या बचत खाते में डालकर छोड़ देते हैं, जिससे उसका सही फायदा नहीं मिलता। पैसे से लगाव रखें, पर उसे डंप कर ना रखें।

**रिस्क लेना सीखें:** बिजनेस और इनकम बढ़ाने का एक पुराना लेकिन कारगर मंत्र है- नो रिस्क, नो गेन। किसी भी व्यवसाय या नए पेशे में उतरने पर कुछ खास तरह की समस्याएं हो सकती हैं और असफल होना या नुकसान होने का खतरा भी रहता है। लेकिन इसका यह मतलब कत्तई नहीं कि आप उनसे डरकर 'सेफ्टी जोन' में बैठे रहें। समस्याओं से जूझने की आदत डालें। धीरे-धीरे आपको ऐसे रिस्क उठाने की आदत पड़ जाएगी और जब हाथ में पैसे आने लगेंगे, तो आत्मविश्वास भी बढ़ता चला जाएगा। अपनी आत्मशक्ति संजोकर आगे बढ़ें और इनकम के नए क्षेत्रों में प्रवेश करें। जितने भी बड़े व्यवसायी हुए हैं, सब इसी मूल मंत्र पर अमल करके आगे बढ़े हैं।

**एकाग्रता भी है जरूरी:** आप जिस काम पर मनन करते हैं, वह आपके जीवन में आने लगती है और बढ़ने लगती है। लेकिन अगर आपने गलती से भी उन बातों पर विचार किया, जिनसे आप डरते हैं या जिससे बचना चाहते हैं तो यह डर बढ़ जाएगा और आपके विचारों पर हावी होकर आपको कमजोर बनाएगा। इसलिए अगर आप खूब पैसा कमाना चाहते हैं, तो आपको कमाई के तरीकों और पैसों के स्रोत के बारे में विचार करना चाहिए। सही तरह से प्रयास करने चाहिए और नकारात्मक विचारों को खुद से दूर रखना चाहिए।

**ना बनाएं गलत धारणा:** दुनिया में ऐसे लोगों की कमी नहीं है, जो समझते हैं कि अधिक पैसा मतलब बुराई। वे पैसे को बुरी नजर से देखते हैं। इस तरह वे कभी भी पैसे को आकर्षित नहीं कर पाते। आपको कभी पैसे को लेकर गलत धारणाएं नहीं बनानी चाहिए। पैसा ईमानदारी और मेहनत से भी कमाया जाता है। आप सच्चाई के रास्ते पर चलकर भी भरपूर दौलत कमा सकते हैं। जरूरी नहीं कि हर पैसे वाला इंसान गलत काम करता हो। पैसा कमाने के लिए उसकी इज्जत करनी होगी। अकसर आपने लोगों को यह कहते हुए सुना होगा कि आज इतना खर्च हो गया। लोग जब भी बाजार जाते हैं और चीजें खरीदते हैं तो यही बात कहते हैं। इसके बजाय आपको ऐसा कहना चाहिए कि इतने पैसे से इतना सारा सामान खरीदा। सिर्फ पैसा जाने की बात करना पूरी तरह से नकारात्मकता है। यह भी देखना चाहिए कि पैसे के बदले बहुत कुछ आ भी रहा है, जो हमारे जीवन को सुखद बना रहा है। जीवन में पैसे खर्च करने के साथ-साथ उससे मिलने वाली खुशियों पर भी ध्यान देना शुरू करें।

**समय की अहमियत समझें:** आप अपने समय के साथ दो चीजें कर सकते हैं, या तो उसे खर्च कर सकते हैं या निवेश कर सकते हैं। समय को फालतू कामों में खर्च करने से कुछ हासिल नहीं होता। यदि समय को योग्यता हासिल करने में खर्च किया जाए, तो फायदा होता है। यही नियम पैसे पर भी लागू होते हैं। इसलिए आपको मूल्यवान समय के बारे में जानना होगा। समय का इस्तेमाल पैसे की तरह करने से आपको धन के रास्ते के बारे में पता लगता है। समय का दुरुपयोग करने पर पैसा आपसे दूर जाता है। समय का सही तरह से इस्तेमाल करना जरूरी है, ताकि आप जीवन में ज्यादा धन कमा सकें। *




## सीखने को रहें तैयार

**दौलत कमाने** के लिए सबसे जरूरी है- सीखने की आदत और क्षमता का विकास। इसकी मदद से आप अपना ज्ञान और कौशल बढ़ा सकते हैं। आपका ज्ञान और कौशल ही आपको अमीर बनने की राह दिखाता है। देखा जाए तो सीखना भी एक कला है। सीखने का मतलब सिर्फ किताबी ज्ञान से नहीं है। कोई भी बात सीखने के लिए अभ्यास की जरूरत होती है। लगातार सोचने, सजग रहने और मनन करने की जरूरत होती है। यह आदत आपको हर काम में परफेक्ट बनाती है। अगर आप सीखना बंद कर देंगे, तो संपन्नता की राह से भी भटक जाएंगे और आपके दौलतमंद बनने की उम्मीद खत्म हो जाएगी। धन कमाने के लिए योग्य होना जरूरी है, और योग्य बनने के लिए लगातार सीखना बहुत जरूरी है।

# जरूरत के अनुसार इस साल जरूर करें फाइनेंस प्लानिंग



अभी-अभी नया साल शुरू हुआ है। इसकी शुरुआत में ही आपको अपनी वर्तमान और भविष्य की वित्तीय जरूरतों को समझ लेना चाहिए और उसी हिसाब से नए साल की फाइनेंस प्लानिंग और रिजोल्यूशन तय करना चाहिए। इससे आपका यह वर्ष ही नहीं आने वाला जीवन संपन्नता से बीतेगा।

**अगर आप हैं स्टूडेंट:** आमतौर पर स्टूडेंट्स की आय का मुख्य जरिया पॉकेटमनी होती है, लेकिन जरा सी दूरदर्शिता और मेहनत से काम लें, तो आप अपनी फाइनेंस कंडीशन मजबूत बना सकते हैं, जिससे आप कहीं अधिक आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकते हैं। स्टडी पीरियड के दौरान ही अगर आप कोई पार्ट टाइम या फ्रीलांस जॉब करें या फिर ट्यूशन पढ़ाना शुरू करें तो आपके पास एक फंड तैयार हो सकता है। यह फंड, एजुकेशन लोन के रीपेमेंट फेज के दौरान काफी काम आता है। अगर आपने अभी तक अपना सेविंग अकाउंट नहीं खोला है, तो इस साल जरूर खोल लें। इससे बचत की आदत पड़ेगी और गैरजरूरी खर्चों की



कटौती में मदद मिलेगी। इस साल आप एक और संकल्प लें कि अनावश्यक खरीददारी नहीं करेंगे। अपने खर्चों पर निगरानी रखने के लिए मासिक या साप्ताहिक बजट भी बनाएं।

**अगर आप हैं सिंगल पर्सन:** अगर आप सिंगल पर्सन हैं, तो इस साल एक इंश्योरेंस पॉलिसी जरूर लें। इससे कई फायदे होंगे। जैसे-टैक्स की बचत, लाइफ कवर और रिजर्व्ड इनवेस्टमेंट (मैच्योरिटी पर बोनस के साथ पैसा मिलना) होगा। यंग वर्किंग पर्सन को 20 साल का इंश्योरेंस कवर लेने से शादी के बाद परिवार को हर तरह से फायदा होता है। मैच्योरिटी पर जब पैसे मिलते हैं, तो कई प्रकार की जरूरतें पूरी हो सकती हैं या किसी अनहोनी की सूरत में परिवार को मदद मिल सकती है। इसके अलावा क्रेडिट कार्ड्स का पूरा फायदा उठाएं। जो रिवार्ड प्वाइंट्स इकट्ठा हो चुके हैं, उनका इस्तेमाल करें। हां, क्रेडिट कार्ड पर एडवांस लेना अपनी बचत में सेंध लगाने जैसा होता है, इसलिए यह गलती बिल्कुल ना करें। इसी तरह फ्यूल कार्ड के रिवार्ड प्वाइंट की एक्सपायरी डेट मिस ना करें।

**अगर आप हैं मैरीड कपल:** विवाहित जोड़ों की जिम्मेदारी काफी अधिक होती है। इसलिए आपको सबसे ज्यादा सतर्क होकर वित्त को व्यवस्थित करना चाहिए। आपके लिए अपने परिवार के बजट के मुताबिक खर्च पूरा करने और भविष्य के लिए फंड जुटाने के लिए पर्याप्त इनकम पर ध्यान देना जरूरी है। आपको अपना निवेश समझदारी के साथ म्यूचुअल फंड (एसआईपी), शेयर्स, इंश्योरेंस और फिक्स डिपॉजिट में करना चाहिए, साथ ही कुछ मात्रा में सोना-चांदी जैसी कीमती धातु भी खरीदनी चाहिए। किसी आपात स्थिति (व्यापारिक उतार-चढ़ाव, जॉब छूट जाना, बीमारी या कोई अनहोनी) के लिए आपको एक अलग फंड भी रखना चाहिए। यह फंड आपकी छह माह से एक साल की कुल मासिक आय जितना जरूर होना चाहिए। इस दिशा में अगर आपने कोई प्लान नहीं किया है तो इस साल जरूर कर लें।

**अगर आप हैं सिंगल पैरेंट:** सिंगल पैरेंटिंग वास्तव में सबसे कठिन काम है। एकल मां या पिता का आर्थिक रूप से सुदृढ़ होना बेहद आवश्यक है, अन्यथा वह अपनी संतान को ना तो अच्छी शिक्षा दिला पाते हैं, ना अच्छा भोजन, ड्रेस



या अन्य सुविधाएं मुहैया करा पाते हैं। बच्चे की शिक्षा के लिए 20 वर्षीय चाइल्ड इंश्योरेंस प्लान ना लिया हो तो इस वर्ष जरूर लें। साथ ही एसआईपी के माध्यम से कुछ पैसे भविष्य के लिए बचाएं। इस साल आप खुद के लिए एक रिटायरमेंट प्लान जरूर ले लें, जो बुढ़ापे में पेंशन के रूप में आपकी वित्तीय मदद करेगा।

कहने का सार यही है कि अगर अपनी जरूरत के अनुसार आपने फाइनेंस प्लानिंग नहीं की है तो इस साल ऐसा करना जरूर शुरू कर दें। *

# यंगस्टर्स के फेवरेट रहेंगे ये बेहतरीन हेयर स्टाइल्स

यंगस्टर्स केवल अपनी ड्रेसिंग स्टाइल के बारे में ही नहीं हेयर स्टाइल को लेकर भी कॉन्शस रहते हैं, ट्रेंड फॉलो करना चाहते हैं। इस नए साल में किस तरह की हेयर स्टाइल्स रहेंगी ट्रेंड में, बता रहे हैं आपको।


साइड पार्टिंग हेयर


फ्रेंच बॉब हेयर


वेट वेव्स हेयर

साल 2024 के अंतिम कुछ महीनों में जो हेयर स्टाइल्स, सबसे ज्यादा गूगल में सर्च किए गए, वास्तव में वही हेयर स्टाइल्स साल 2025 में युवाओं के बीच ट्रेंड करेंगे। यूं तो कई सारे हेयर स्टाइल्स अलग-अलग देशों में पॉपुलर हैं, लेकिन वो हेयर स्टाइल ट्रेंड्स, जो पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा हाल के दिनों में युवाओं के बीच अपनाए जाते दिखे हैं, वे इस प्रकार हैं-

**साइड पार्टिंग हेयर स्टाइल:** इस साल साइड पार्टिंग हेयर स्टाइल के सबसे ज्यादा ट्रेंड में रहने की संभावना है। अमेरिका से लेकर थाईलैंड तक और इंडिया से लेकर जर्मनी तक पिछले कुछ महीनों में युवाओं के बीच, चाहे वे मेल हों या फीमेल, साइड पार्टिंग हेयर स्टाइल अपनाया जाता दिखा है। हालांकि यह बहुत पुराना बल्कि सबसे पुराना हेयर स्टाइल माना जाता है, लेकिन हर कुछ साल में इसमें कुछ नए तौर-तरीके आकर जुड़ते हैं। इन दिनों युवाओं के बीच जो सबसे ज्यादा स्टाइल हिट हो रहा है, वह है अपने बालों को कंघी करके साइड पार्ट करना और उसके बाद उन्हें एक साइड में ले जाकर रबर लगाकर साइड पोनीटेल बनाना। साइड पार्ट हेयर स्टाइल के कुछ और लोकप्रिय स्टाइल हैं, जैसे- साइड ट्विस्ट, साइड ब्रेड, सिलिक साइड पोनीटेल आदि। युवतियों में भी यह हेयर स्टाइल खासकर पसंद किया जाता है, क्योंकि इससे माथे की चौड़ाई कम दिखती है और सामने वाले का ध्यान आंखों और चीक बोंस पर जाता है। यह स्टाइल पतली ठोड़ी (थिन चिन) वाले फेस पर कॉम्प्लीमेंट करती है। चौकोर आकार के फेस को सॉफ्ट लुक देती है और फेस के अट्रैक्टिव फीचर्स पर ध्यान आकर्षित करती है। इसे कुछ लोग 'आईवी लीग' भी कहते हैं। इस हेयर स्टाइल के लिए आपके बाल कम से कम दो से चार इंच के होने चाहिए।

**वेट वेव्स हेयर लुक:** वेट वेव्स हेयर लुक भी इस साल काफी देखने को मिलेगा। इसे युवक और युवतियां दोनों पसंद करते हैं। यह ऐसा स्टाइल है, जिसमें बालों को इस तरह से अरेंज किया जाता है कि वो हल्की लहरों के साथ गीले दिखते हैं। यह हेयर स्टाइल बेहद ग्लैमरस और मॉडर्न लुक देता है। यह लुक नॉर्मली, रेड कार्पेट इवेंट्स या ग्रीन पार्टीज यानी भव्य और एलीट पार्टियों में ज्यादा इस्तेमाल होता दिखता है। वेट वेव्स लुक ऐसा दिखता है, मानो आप अभी-अभी बाल धोकर आए हों और ये धीरे धीरे स्वाभाविक तौर पर सूख रहे हों। इस लुक में बालों में हल्की लहरें सी चलती दिखती हैं। वेट वेव्स स्टाइल अपनाने के लिए हेयर जैल, क्रीम या वेट लुक स्प्रे को पूरे बालों पर समान रूप से लगाएं। इस लुक को फाइनल टच देने के लिए एक हल्का होल्ड स्प्रे या शाइन स्प्रे लगाएं। ध्यान रहे, ऐसा लुक अपनाने के बाद बालों को बार-बार छेड़ें न, उन्हें छुएं न, वर्ना बालों की लुक और शाइनिंग चली जाती है।

**फ्रेंच बॉब हेयर स्टाइल:** यह एक क्लासिक और एवरग्रीन हेयर स्टाइल है, 20वीं सदी में फ्रांस से शुरू होकर आज एक ग्लोबल हेयर स्टाइल बन गया है। पिछले साल की तरह ही इस साल भी इसके ट्रेंड में रहने की पूरी संभावना है। इस हेयर स्टाइल को यंग वूमेन काफी पसंद करती हैं। यह हेयर स्टाइल बहुत आसान और मेंटेनेंस फ्री होती है। फ्रेंच बॉब स्टाइल को अट्रैक्टिव बनाने के लिए बालों को स्ट्रेटनर से सीधा करें और हल्का शाइन स्प्रे लगाएं। फ्रेंच बॉब स्टाइल में बेबी लुक सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है। इसमें बालों को हल्का कर्ल करके नेचुरल वेव्स दी जाती है। महिलाओं में यह हेयर स्टाइल न्यूड मेकअप या मिनीमल ज्वेलरी के साथ सबसे ज्यादा सूट करती है। हाल के सालों में बॉलीवुड में फ्रेंच बॉब स्टाइल की सबसे बड़ी आइकन दीपिका पादुकोण रही हैं। यह टाइमलेस हेयर स्टाइल है, जो सादगी और स्टाइल का बेहतरीन कॉम्बो है। *

## कलर और केयर ट्रेंड्स



**बात अगर** इस साल के हेयर कलर और हेयर केयर ट्रेंड की करें मूडी ब्राउन कलर काफी देखने को मिलेगा। मूडी ब्राउन का मतलब, गहरे भूरे रंग का बिल्कुल सॉलिड शेड, जिसमें बालों की चमक और कलर पर फोकस किया जाता है। यह बालों को एक रिफाइंड, क्लासिक, एलीगेंट और स्लीक बैक लुक देता है। मूडी ब्राउन कलर हर स्किन टोन वाले फेस पर मैच करता है। इसलिए दुनिया के अधिकांश देशों में यह पॉपुलर है। मूडी ब्राउन लुक पाने के लिए बालों को नियमित रूप से कंडीशन करें। लेकिन ज्यादा हीट से बचें, क्योंकि ज्यादा हीट बालों के रंग और चमक को नुकसान पहुंचाती है। बालों को ब्राइट और हेल्दी बनाने के लिए सही केयर और स्टाइलिंग बहुत जरूरी है। इसके लिए बालों में नेचुरल ब्राइटनेस का होना जरूरी होता है। ऐश्वर्या राय बच्चन के बालों को अक्सर ब्राइट सिल्की नेचुरल लुक में देखा जा सकता है। लेकिन ऐसे बालों के लिए उनकी नेचुरल केयर करनी पड़ती है।

## परिवार के सुखी जीवन के लिए कुछ करना चाहूंगी : परिवा प्रणति

**सोनी सब** पर प्रसारित हो रहे शो 'वागले की दुनिया-नई पीढ़ी नए किस्से' में वंदना वागले की भूमिका परिवा प्रणति निभा रही हैं। नए साल में वह एक्टिंग के साथ-साथ अपनी क्रिएटिव राइटिंग स्किल को और ज्यादा इंप्रूव करना चाहती हैं। परिवा कहती हैं, 'अपने सीरियल की शूटिंग में व्यस्तता के बीच मुझे कुछ अद्भुत अनुभव प्राप्त हुए हैं, इन पर मैंने कहानियां लिखी हैं। इस नए साल में भी मैं अच्छी एक्टिंग के साथ कुछ नई कहानियां लिखना चाहूंगी। कुछ ऐसा करना चाहूंगी, जो जीवन के लिए अर्थपूर्ण और सार्थक हो। इस साल अपने परिवार के साथ अधिक से अधिक समय बिताना चाहूंगी, उनके सुखी जीवन के लिए भी कुछ करना चाहूंगी। साथ ही मैं चाहूंगी कि ना बोल पाने वाले जानवरों के लिए कुछ अच्छा करूं, उनकी सेवा करूं। मैं आशा करती हूं कि शुरू हुआ यह नया साल, मेरे और मेरे परिवार के लिए खुशियों से भरा रहेगा।' *



# बीते साल ने नववर्ष के लिए बनाई नई ऊंचाई छूने की राह

बीता हुआ समय आने वाले समय की नई राहें बनाता है। हमारे टीवी आर्टिस्ट्स के लिए भी बीता साल नए साल के लिए ऐसी राहें बनाकर गया कि उनके करियर को नई ऊंचाई मिले। बीता साल इनके लिए कैसा रहा, नए साल में इनकी क्या उम्मीदें हैं, क्या प्लानिंग है, बता रहे हैं कुछ पॉपुलर टीवी शोज के आर्टिस्ट्स।

## कुछ नया और चैलेंजिंग करना चाहता हूं
### देवीश आहूजा



**देवीश आहूजा** ने शेमारू उमंग के शो 'मैं दिल तुम धड़कन' में गौरव का किरदार निभाकर दर्शकों का दिल जीत रखा है। नए साल से उन्हें क्या उम्मीदें हैं, पूछने पर देवीश बताते हैं, 'बीता साल तो मेरे लिए बहुत अच्छा रहा। शो 'मैं दिल तुम धड़कन' के सेट पर हमने अपनी टीम के साथ बहुत ही यादगार पल गुजारे। इस शो ने मेरे जीवन को एक नई दिशा दी। गौरव का किरदार निभाते हुए मुझे बहुत कुछ सीखने और अपने अभिनय को निखारने का मौका मिला। नया साल मेरे लिए और अच्छी संभावनाएं लेकर आया है। मैं इस साल अपने अभिनय कौशल को और निखारना चाहता हूं। नए साल में मैं कुछ नया और चैलेंजिंग करना चाहता हूं ताकि एक अभिनेता के रूप में मेरी पहचान और बढ़े। इस साल मैं खुद को फिट और पॉजिटिव रखने पर भी विशेष रूप से ध्यान दूंगा। उम्मीद है कि बीते साल की तरह ही साल 2025 भी मेरे लिए खास होगा। नववर्ष पर सभी पाठकों को हार्दिक शुभकामनाएं, नया साल आप सभी के जीवन में ढेरों खुशियां लेकर आए।' *

## खुद को और बेहतर बनाऊंगी
### अलिशा बोस



**सन नियो** पर प्रसारित हो रहे शो 'साझा सिंदूर' में धरा की भूमिका निभा रहीं अलिशा बोस बीता साल अपने लिए बहुत उतार-चढ़ाव भरा मानती हैं। नए साल से उन्हें बहुत उम्मीदें हैं। अलिशा बताती हैं, 'बीता साल मेरे लिए जितना मजेदार रहा, उतना ही चुनौतियों से भरा भी था। यह साल मेरे लिए अब तक का सबसे कठिन लेकिन सबसे खूबसूरत साल भी रहा। हिम्मत थी, अपनों का साथ था तो कभी हार नहीं मानी। मेरे लड्डू गोपाल मेरे साथ थे तो मुस्कान के साथ 'राधे-राधे' जपते यह साल कट ही गया। साल 2024 जाते-जाते मुझे सबसे बड़ा तोहफा शो 'साझा सिंदूर' के रूप में देकर गया है। मैंने नए साल का स्वागत अपने कुछ खास दोस्तों के साथ किया, जो सिर्फ दोस्त नहीं हैं, मेरे लिए फैमिली मेंबर्स की तरह हैं। नए साल में खुद को और बेहतर बनाने और ज्यादा मेहनत करने, एक्टिंग में नई-नई चीजें एक्सप्लोर करने की प्लानिंग है। साथ ही इस साल मैं अपनी फैमिली के साथ अधिक टाइम स्पेंड करना चाहूंगी।' *

## इस साल नई जगहों पर घूमना चाहूंगा
### रवि महाशब्दे



**एंड टीवी** के शो 'अटल' में अटल बिहारी वाजपेयी के पिता की भूमिका निभा रहे रवि महाशब्दे, बीते साल को अपने करियर के लिए बहुत अहम मानते हैं और नए साल में अपने लिए नई संभावनाएं खोजते हैं। रवि कहते हैं, 'पिछले साल मेरे लिए सबसे खास और यादगार पल वो था, जब मुझे एंड टीवी के शो 'अटल' में श्रीकृष्ण बिहारी वाजपेयी का किरदार निभाने का मौका मिला। यह मेरे करियर का एक महत्वपूर्ण मोड़ था। अटल जी जैसे महान नेता के पिता का किरदार निभाना एक बड़ी जिम्मेदारी है। बीते साल में मुझे अपने अभिनय करियर में नई ऊंचाइयां मिलीं। नए साल में अपने परिवार के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताना चाहूंगा। मैं अपने प्रियजनों के साथ समय बिताने की अहमियत को समझता हूं। इस साल मैं नई जगहों पर घूमना चाहूंगा, अलग-अलग संस्कृतियों को जानना-समझना चाहूंगा। मैं इस साल अपने करियर की संभावनाओं को लेकर भी बहुत उत्साहित हूं।' *

## मैं अपने काम में टू हंड्रेड परसेंट दूंगा
### अभिषेक मलिक

**जीटीवी के** शो 'जमाई नं. 1' में नील का लीड रोल निभा रहे अभिषेक मलिक, बीता साल अपने लिए बहुत अच्छा मानते हैं। नए साल में वह और ज्यादा मेहनत करना चाहते हैं। अभिषेक कहते हैं, 'बीते साल में मेरी पर्सनल लाइफ में काफी चेंजेज आए। मैंने अपनी पसंदीदा गाड़ी खरीदी, जिसके लिए मैं काफी समय से प्लान कर रहा था। मैंने अपनी मां के लिए एक घर खरीदा। अगर प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो साल बीतने से कुछ महीने पहले ही मुझे 'जमाई नं. 1' जैसा बड़ा शो मिला, जिसका मुझे काफी लंबे समय से इंतजार था। इस नए साल में मेरी प्लानिंग्स हैं कि मैं अपने काम में अपना हंड्रेड नहीं, टू हंड्रेड परसेंट दूं। साथ ही अपनी हेल्थ और फिटनेस पर भी ध्यान दूं। 2025 में मेरा फोकस रहेगा कि 'जमाई नं.1' नंबर वन शो बन जाए। इसके लिए मैं अपनी तरफ से सारे एफर्ट्स करूंगा।' *



# लीप टू शाइन व सीमाजन कल्याण समिति एवं भारतीय सेना के नेतृत्व में सिविक एक्शन कार्यक्रम हुआ

**गजसिंहपुर।** लीप टू शाइन, सीमाजन कल्याण समिति व जम्मू कश्मीर अध्यन केन्द्र एवं भारतीय सेना की 9वीं राजूपत बटालियन के नेतृत्व में चौथा बड़ा सिविक एक्शन कार्यक्रम बॉर्डर क्षेत्र की ग्राम पंचायत संगराना के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया। सीमाजन कल्याण समिति रायसिंहनगर के तहसील युवा आयाम प्रमुख विरेन्द्र भादू खाटा ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में भारतीय सेना के सूबेदार प्रहलाद सिंह, जयकुमार प्रदेश प्रमुख जम्मू कश्मीर अध्यन केंद्र व लीप टू शाइन , जसविंद्र सिंह जम्मू लीप टू शाइन, जम्मू कश्मीर अध्यन केंद्र चिमनलाल शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष सीमाजन कल्याण समिति राजस्थान, धनराज कस्वां तहसील अध्यक्ष रायसिंहनगर , इंद्र कुमार तहसील अध्यक्ष गजसिंहपुर ,सदस्य दौलतराम 75आरबी, परनीत मान, हेतराम, दिनेश कड़वासरा, कालूराम जोशी ठंडी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का आगाज सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ कार्यक्रम के सम्बोधन क्रम में चिमनलाल शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष ने सीमाजन कल्याण समिति



की स्थापना से लेकर आज सीमा क्षेत्र में इस संगठन द्वारा करवाये जा रहे कार्यों के प्रति लोगो को जानकारी देते हुए बताया की वर्तमान में जब पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान भारत के साथ सीधा युद्ध नहीं लड़ सकता तो उसने हमारे युवाओं को निशाना बनाना शुरू किया और बॉर्डर पार से ड्रोन के माध्यम से नशा भेजने लगा जिसे हमारी बीएसएफ ओर अन्य सुरक्षा एजेंसियां पकड़ने में लगी हुई है और इनको इनके मनसूबे में कभी भी कामयाब नहीं होने देंगे इसमें इनके साथ सीमाजन की युवाओं की टीमें भी लगी हुई है तथा इसमें स्थानीय ग्रामीणों का सहयोग भी जरूरी है तभी हम सब मिकलर इस नशे को यहां से खत्म कर सकते है वर्तमान में आज समाज का सबसे बड़ा दुश्मन ही नशा है जिसको हम सब ने मिलकर खत्म करना है।

जम्मू से जयकुमार ने अपने सम्बोधन में देते हुए कहा कि जो जम्मू कश्मीर का एरिया जिस पर पाकिस्तान ने कब्जा कर रखा है उसका आज भी हमें बहुत दर्द है और हम सबकों संकल्प लेना की वो हिस्सा हम जल्द ही वापिस लेकर रहेंगे और हमें समय समय पर जो कारगिल विजय दिवस संकल्प दिवस भारत माता पूजन जैसे कार्य्रकम करने चाहिए इससे एकता कायम होती है आज विद्यालय के बच्चों को जो सम्मान किया जा रहा है इस कार्यक्रम में लीप टू साइन का सबसे बड़ा सहयोग रहा है के सूबेदार प्रहलाद ने अपने संबोधन मे युवाओं से नशे से दूर रहने और पर्यावरण की रक्षा करने का संकल्प दिलाया।

विरेन्द्र भादू ने बताया कि कार्य्रकम में पेंटिग प्रतियोगिता रखी गयी जिसमें प्रथम चार बच्चों को बेग के साथ किट और अन्य पुरस्कार दिए सांस्कृतिक कार्यक्रम में जिन बच्चों ने भाग लिया उन बच्चों को आकर्षक उपहार दिए इस बेहतरीन कार्यक्रम में 300 बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया सभी बच्चों को कॉपी पेंसिल रबर पेन वितरित किए गए इसके अलावा कुछ बच्चों को बैग के साथ किट और कुछ बच्चों को ड्राइंग कलर किट दी गई जिसे लेकर बच्चे खुश नजर आए।

## दिव्यांगों और वृद्धजनों के लिए नि:शुल्क सेवा शिविर का आयोजन



जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** जय श्री राम सेवा, हनुमानगढ़ द्वारा समाज सेवा की दिशा में एक और सराहनीय कदम उठाया गया है। संगठन की ओर से दिव्यांगजनों, वृद्धजनों और विधवा महिलाओं के लिए निःशुल्क पेंशन सत्यापन और परामर्श केंद्र की सुविधा प्रदान की जा रही है। यह सेवा हनुमानगढ़ के गरिमा ई-मित्रा केंद्र, लोहिया स्कूल के सामने, कॉलेज रोड पर संचालित हो रही है।संस्था के विजय खत्री और राजीव मिश्रा ने जानकारी दी कि जय श्री राम सेवा का उद्देश्य समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों की सहायता करना है। इसी कड़ी में पेंशन सत्यापन प्रक्रिया को निःशुल्क रूप से उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके। दिव्यांगजनों को सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए गरिमा ई-मित्रा पर एक विशेष परामर्श केंद्र की स्थापना की गई है। इस केंद्र पर सुखराम मेहरड़ा और जसकरण सिंह अपनी सेवाएं दे रहे है। यहां दिव्यांगजनों को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं, और रोजगार से संबंधित जानकारियां दी जाएंगी। ज्ञात रहे कि जयश्री राम सेवा हनुमानगढ़ द्वारा पिछले चार वर्षो से टाउन मानव श्रृंगार पर विशेष योग्यजनों के लिए कटिंग दाढ़ी व डाई की सुविधा निशुल्क चलाई जा रही है।

## श्री दुर्गा मन्दिर में श्रीराम कथा में श्रद्धालु भक्ति रस से हुए सराबोर

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** विनोबा बस्ती स्थित श्रीदुर्गा मंदिर में श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या धाम में रामलला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित आयोजित मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जीवन गाथा श्रीराम कथा की अमृत वर्षा के पांचवें दिन मंगलवार को राम-सीता विवाह प्रसंग का वर्णन किया गया। इस मौके पर राम-सीता की संचेतन झांकी भी सजाई गई। कथा व्यास पं. मनोज दुबे (अयोध्यावाले) ने राम-सीता विवाह का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि अयोध्या में श्रीराम की दुल्हन बनकर माता सीता सहित चारों भाइयों के बहुओं के साथ पहुंचने पर सारा नगर आनंदित हो उठा। जब से श्रीरामचन्द्रजी विवाह करके घर आए, तब से सब प्रकार का आनन्द अयोध्या में आकर बसने लगा। इस मौके पर ढोल-नगाड़ों के साथ नाचते-गाते भक्तजन रामजी की बारात में पहुंचे।



महिलाओं ने मंगल गीत गाकर बधाई दी तथा श्रद्धालुओं ने भजनों पर नाच-गाकर, झूमकर खुशी का इजहार किया। वृंदावन से पधारे भजन गायकों ने भजनों द्वारा सबको भक्ति रस से सराबोर कर दिया। समस्त शहरवासियों से 11 जनवरी, 2025 तक प्रतिदिन दोपहर 3.15 से 6.15 बजे तक श्री दुर्गा मन्दिर प्रांगण में आयोजित श्री राम कथा में अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर आध्यात्मिक आनंद प्राप्त करने का आह्वान किया गया है।

## रक्तदान शिविर का आयोजन 14 को

जनमार्ग न्यूज

**गजसिंहपुर।** भारत विकास परिषद शाखा गजसिंहपुर के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है भारत विकास परिषद के सेवादार महेश मंगल ने बताया कि स्वर्गीय गोपी राम मंगल की स्मृति में 21 वां रक्तदान शिविर का आयोजन श्री सत्यनारायण मंदिर में 14 जनवरी को मकर सक्रांति के उपलक्ष पर किया जा रहा है। रक्तदान शिविर का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा इस शिविर में विशेष रूप से तपोवन ब्लड बैंक श्रीगंगानगर द्वारा सेवाएं दी जाएगी जिसमें महिला व पुरुष बढ़-चढ़कर पर रक्तदान कर सकते हैं।

## देहदान, अंगदान एवं नेत्रदान कर करें परोपकारः झाझड़िया

### ❑ मेडिकल कॉलेज की प्रथम देहदानी एवं नेत्रदानी स्व. श्रीमती सुलोचना झाझड़िया की प्रथम पुण्यतिथि मनाई ❑ पुण्यतिथि के अवसर पर झाझड़िया परिवार ने किए अनेकों परोपकार के कार्य

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर। देहदान, अंगदान एवं नेत्रदान कर करें परोपकार यह शब्द तपोवन ब्लड बैंक के अध्यक्ष, राजस्थान जाट महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी उदयपाल झाझड़िया ने उनकी धर्मपत्नी एवं श्रीगंगानगर के राजकीय मेडिकल कॉलेज की प्रथम देहदानी तथा नेत्रदानी स्व. श्रीमती सुलोचना झाझड़िया की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर कहे। उन्होंने कहा कि हम सबको यह देहदान, अंगदान एवं नेत्रदान का संकल्प लेना चाहिए, ताकि हमारी मृत्यु के बाद भी हमारे अंगों के दान से कई लोगों के जीवन को बचाया जा सके। स्व. श्रीमती सुलोचना झाझड़िया की पुण्यतिथि के अवसर पर झाझड़िया परिवार द्वारा तपोवन आश्रम में बुजुर्गों को भोजन खिलाया गया, प्रभु प्रेम ट्रस्ट द्वारा संचालित प्रभु प्रेम शिक्षा मंदिर में अध्ययनरत विद्यार्थियों में जूते एवं जुराबों का वितरण किया गया, 18 जीजी झाझड़िया वाली गांव में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को टिफिन बॉक्स वितरित किए गए, ग्रामीण महिलाओं को शॉल वितरण तथा झाझड़िया वाली की गौशाला में गौमाता के लिए सवामणि की गई। इस पर चौ. उदयपाल झाझड़िया, मूलराम झाझड़िया, खिराजराम झाझड़िया, जगदीश झाझड़िया, मोहनलाल झाझड़िया, सुशीला राजाराम कस्वा, पूनम सहारण नेतेवाला, सरपंच सरणजीत सिंह झाझड़िया, प्रेम झाझड़िया, रामस्वरूप, दयाराम झाझड़िया, भूप सिंह झाझड़िया, महावीर झाझड़िया, कृष्णलाल झाझड़िया एवं समस्त झाझड़िया परिवार तथा चौ. हरीराम गौरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।



## भगत सिंह सेना का शिष्टमण्डल स्वायत शासन सचिव से मिला



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** भगत सिंह सेना श्रीगंगानगर के प्रमुख नवीन भगत, अध्यक्ष नवीन डाबला व सचिव अशोक हिन्दुस्तान का एक शिष्टमण्डल जयपुर में स्वायत शासन सचिव से मिला व 1 बी छोटी की कॉलोनियों का परिसीमन कर नगर परिषद में शामिल करने की माँग का ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में स्वायत शासन सचिव को अवगत करवाया गया कि 1 सी छोटी की बसंत विहार कॉलोनी, ऑफिसर्स कॉलोनी, दुर्गा विहार कॉलोनी व अन्य कई कॉलोनियां नगर विकास न्यास से अप्रूवड कॉलोनिया हैं तथा इन कॉलोनियों की जनसंख्या 2500 से अधिक है और यह कॉलोनियां शहर के साथ चिपती हुई हैं। नगर परिषद में शामिल होने के उपरांत यहां के निवासी जो गंदे पानी की निकासी, बिजली, सड?, शुद्ध पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं उन्हें इन समस्याओं से निजात मिलेगी। स्वायत शासन सचिव ने शिष्टमण्डल को आश्वस्त किया कि वे इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करेंगे।

## भारतीय जैन संगठन का दो दिवसीय अधिवेशन सम्पन्न

### श्रीगंगानगर चैप्टर को उत्कृष्ट कार्यों के लिए राज्यमंत्री गौतम दक ने किया सम्मानित

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** भारतीय जैन संगठना राजस्थान प्रदेश का दो दिवसीय शपथग्रहण, सम्मान समारोह व ट्रेनिंग समारोह सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। श्रीगंगानगर शाखा सचिव मुकेश सेठी ने बताया कि जयपुर स्थित मालवीय नगर, अनुविभा भवन में हुए इस कार्यक्रम में राज्य मंत्री गौतम दक, प्रशासनिक अधिकारी नवीन जैन, जयपुर उपमहापौर ग्रेटर निगम पुनीत कर्णावट, एनके जैन अध्यक्ष एंपलॉयर्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति विशेष रूप से मौजूद रहे। इस समारोह में प्रदेश की इकाइयों को शपथग्रहण करवाई गई, जिसमें श्रीगंगानगर शाखा अध्यक्ष राजेश जैन, सचिव मुकेश सेठी व कोषाध्यक्ष विकास जैन तथा श्रीगंगानगर महिला शाखा अध्यक्ष श्रीमती अनीता जैन एवं सचिव श्रीमती ममता अरोड़ा ने पद व गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। इस कार्यक्रम में बीकानेर सम्भाग अध्यक्ष के रूप में नरेश जैन व



सचिव निर्मल जैन, बीकानेर संभाग महिला अध्यक्ष के रूप में श्रीमती अमिता जैन तथा जैन आईटीआई के डायरेक्टर राहुल जैन ने राज्य टीम के मेंबर के रूप में शपथ ली।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्य मंत्री गौतम दक ने भारतीय जैन संगठना द्वारा किए जा रहे सामाजिक सरोकारों की सराहना की तथा स्मार्ट चाइल्ड, पानी बचाओ आदि कार्यों में सहयोग का आश्वासन दिया। प्रशासनिक अधिकारी नवीन जैन ने भी भारतीय जैन संगठना द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों को सराहा। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र लुंकड़ ने सत्र 2025-26 के लिए प्रदेश कमेटी तथा प्रदेश इकाइयों के सभी पदाधिकारियों व कार्यकारिणी को शपथग्रहण करवाई। पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राजगोलेछा ने वर्ष 2024 में सर्वोत्तम कार्य करने वाले चैप्टर को सम्मानित किया। उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए श्रीगंगानगर चैप्टर को भी राज्य मंत्री गौतम दक द्वारा सम्मानित किया गया। वर्तमान राज्य अध्यक्ष श्रवण दुग्गड़ तथा राज्य सचिव आतिश लोढ़ा के नेतृत्व में पिंक सिटी जयपुर की टीम द्वारा आयोजित इस भव्य आयोजन में पूरे प्रदेश से 200 से अधिक सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## 19 वर्षीय पहलवान की मौत

### सड़क पार करते वक्त कोहरे में गाड़ी ने मारी टक्कर, खेत से लौट रहा था घर

**सोहना (जनमार्ग न्यूज)।** गुरुग्राम में एक 19 साल के युवा पहलवान की सड़क हादसे में मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि वह रात को खेत से लौटते वक्त सड़क पार कर रहा था, तभी कोहरे के चलते किसी गाड़ी ने उसे सीधी टक्कर मार दी। मृतक विवेक सिलानी गांव का रहने वाला था, जो एपीजे सत्य यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रहा था। वह पढ़ाई के साथ-साथ पहलवानी भी करता था। मृतक के चाचा विनोद ने बताया कि देर रात वह खेतों पर पानी लगाने के लिए गया था। जब वह वापस लौट रहा था, उस समय सड़क पर काफी गहरा कोहरा था जिससे कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने विवेक को सीधी टक्कर मार दी। घटना के बाद वाहन चालक टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया। इस घटना में विवेक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे गुड़गांव के मेदांता हॉस्पिटल ले जाया गया। वहां डॉक्टर ने विवेक को मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने मृतक के चाचा के बयान पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया है। वहीं पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है ताकि आरोपी चालक व वाहन का पता चल सके।

## तीसरा स्थापना दिवस एवं गौ भक्त सम्मान कार्यक्रम संपन्न

जनमार्ग न्यूज

**गजसिंहपुर।** ग्राम पंचायत मोटासर खूनी में स्थापित सांवरिया गौ सेवा धाम चिकित्सालय प्रांगण में तीसरा स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर गौ भक्त सम्मान कार्यक्रम एवं एंबुलेंस उद्घाटन कार्यक्रम के तहत श्री श्री 1008 आकाश मुनि डेरा मल्ला टिब्बा के कर कमलों द्वारा एंबुलेंस का उद्घाटन किया गया इस अवसर पर आकाश मुनि ने सांवरिया गौ सेवा धाम चिकित्सालय की तारीफ करते हुए कहा कि इतने कम समय में इतना बड़ा काम आज के युग में कोई नहीं कर सकता लेकिन मोटासर खूनी के ग्रामीणों एवं सांवरिया गौ सेवा धाम चिकित्सालय के सहयोग से यह मुकाम हासिल किया है इन दिनों सांवरिया गौ सेवा धाम चिकित्सालय अपना नाम श्रीगंगानगर जिले में ही नहीं बल्कि राजस्थान के कोने-कोने तक स्थापित कर रही है इस अवसर पर गौ भक्तों ने इस गौशाला की तारीफ करते हुए कहा की आज हम सभी इस गौशाला के दर्शन पाकर



धन हो गए हैं इस गौशाला की सेवादारों की गौ भावना देखकर मन हर्षो उल्लास के साथ भर गया है सेवादारों के द्वारा ऐसी सेवा हमें आज तक कहीं भी देखने को नहीं मिली आपको बता दें कि इस कार्यक्रम के दौरान गौ भक्तों का जन सैलाब सुबह से शाम तक देखने को मिला हर कोई सेवा भावना के साथ बीमार, निराश्रित पशुओं की देखभाल व उनकी सेवा करने में जुटा हुआ था गौ माता की भावनाओं को देखकर महिलाओं ने अपने गहनों की परवाह न करते हुए गऊ माता की सेवा के लिए न्यौछावर कर दिए सेवादार अनिल सोनी ने बताया है कि ढाई लाख रुपए का सहयोग डेरा मल्ला टिब्बा के श्री श्री 1008 आकाश मुनि जी के सहयोग के द्वारा दिया गया है , 51000 का सहयोग मदन सहारण मुकेश ज्यानी, ?50000 का सहयोग पवन बंसल एवं डेढ़ लाख रुपए का सहयोग व्यापार मंडल गजसिंहपुर के द्वारा दिया गया है इसके अलावा मोटा सर खूनी के ग्रामीण एवं बाहर से आए हुए गो भक्तों के द्वारा स्वैष्ठ, कुलर फ्रीज, आपरेशन थियेटर का निर्माण के लिए सामग्री दी गई है इस कार्यक्रम में राजपूरा, 64आरबी, सतजंडा, लखाहाकम , कीकरवाली, पालीवाला, फतूही दौलतपुरा (पंजाब) करणपुर, रायसिंहनगर सावंतसर ओपन करनपुर नग्गी ,मोखमवाला, गजसिंहपुर सहित अन्य गौशालाओ के गौ भक्तों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया इस अवसर पर पवन सारस्वत, राकेश लोहरा हास्य कलाकार के साथ भजन गायक सुनील बजाज के द्वारा गौ माता का गुणगान किया गया सेवादार अनिल सोनी ने बताया गऊशाला के अन्दर बीमार गौवंश को लाने हेतू एम्बुलेंस सुविधा प्रदान की गई है एंबुलेंस के माध्यम से 50 किलोमीटर के दायरे के अंदर घायल , बीमार,एक्सीडेंट पीड़ित कोई भी जीव दिखाई दे तो तुरंत सांवरिया गौ सेवा धाम चिकित्सालय मोटा सर खूनी को सूचित कर पुन्य के भागीदार बने इस अवसर पर सेवादारो,संस्थाओं, जस्ट ह्यूमैनिटी सहित उत्कृष्ट कार्य करने सहयोगियों को इस संस्था के द्वारा सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया गया।

## जन्मदिन मुबारक



**गजसिंहपुर।** तमन्ना शर्मा (कनाडा निवासी) के पहले जन्मदिन पर दादा, दादी, गोपाल कृष्ण- शारदा देवी, सतीश कुमार शर्मा- दीपिका, लक्ष्मी देवी-लक्ष्मीकांत , पापा मम्मी देवेन्द्र कुमार- निशा शर्मा , बुआ शानु , बुआ फूफा अनु शर्मा- गौरव , चाचा यशवन्त शर्मा, पुष्पेंद्र ,देवदत्त , हेमन्त, देव, नाना नानी जयपाल-बलप्रीत कौर ,मामा कार्तिक की तरफ से बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं।

## छत से कूदे गिरफ्तार आरोपी की मौत

जनमार्ग न्यूज

**सोहना।** गुरुग्राम के सोहना में मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा पकड़ा गया आरोपी तीसरी मंजिल से छलांग लगा दिया। जिसके चलते आरोपी युवक की मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। एटीएस के अधिकारी राहुल शर्मा साइबर अपराध के मामले को लेकर अपनी टीम के साथ सोहना पहुंचे। जहां से उन्हें पता चला कि धुनेला के समीप एक सोसाइटी से साइबर अपराध किया जा रहा है। जिसको लेकर उन्होंने धुनेला के समीप एक सोसाइटी से करीब 6 लोगों को अपनी हिरासत में लिया। जिसमें हिमांशु कुमार पुत्र रमेश कुमार गांव (23) किशनगंज बिहार निवासी भी शामिल था। मध्य प्रदेश पुलिस टीम आरोपी युवक व उसके साथियों को लेकर सोहना थाने के समीप सेफ्रांन होटल में रुकी हुई थी। दोपहर के करीब 1`30 हिमांशु कुमार टॉयलेट की बात कह कर कमरे की बालकनी में आ गया, जहां से उसने नीचे छलांग लगा दी।

**कार्यालय नगरपालिका पदमपुर,जिला श्री गंगानगर(राज.)**
mbpdpr@gmail.com, eopadampur.lsg@rajsasthan.gov.in

क्रमांक :-3850 दिनांकः-04.01.2025

**(निविदा सूचना)**

नगरपालिका पदमपुर द्वारा विभिन्न सामग्री सप्लाई हेतु निविदा सूचना क्रमांक 3844-3849 दिनांक 04.01.2025 द्वारा 04 कार्यो हेतु कुल राशि रूपयें 03.46 लाख की निविदा दिनांक 10.01.2025 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की शर्त http://sppp.rajasthan.gov.in तथा पालिका कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को देखी जा सकती है।

NIB NO:- DLB2425A4754

| क्र.सं. | UBN No. | क्र.सं. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | DLB2425GSOB14555 | 2 | DLB2425SSOB14554 |
| 3 | DLB2425SSOB14556 | 4 | DLB2425SSOB14557 |

राज.संवाद/सी/24/9967

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका पदमपुर

# मजदूर संगठनों ने उपखंड कार्यालय पर प्रदर्शन किया

## उपखंड अधिकारी काकड़ को 13 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** मजदूरों की समस्या को लेकर ईंट भट्ठा मजदूर यूनियन केंद्र सीटू , भारतीय ट्रेड यूनियन सीटू , शिव ऑटो टेंपो यूनियन, श्री सीमेंट सीमेंट के मजदूरों ने उपखंड कार्यालय पर प्रदर्शन करके 13 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। सीटू के प्रदेश महामंत्री बीएस राणा, जिला अध्यक्ष मोहनलाल, जिला महासचिव हरकेवलदीप सिंह, माकपा नेता कामरेड मदन ओझा, कांग्रेस लक्ष्मण शर्मा, क्रांतिकारी कामरेड महावीर भोजक, श्री सीमेंट मजदूर यूनियन अध्यक्ष वेद प्रकाश, टेंपो यूनियन अध्यक्ष राजकुमार, सचिव रफीक, हुसैन मोहम्मद तेली की अगवानी में करनाणी धर्मशाला में बैठक करके मजदूरों की समस्याओं पर चिंता प्रकट करते हुए मुख्य बाजार से प्रदर्शन करते हुए उपखंड कार्यालय पर प्रदर्शन करके उपखंड अधिकारी संदीप कुमार काकड़ को 13 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। प्रतिनिधि मंडल में शामिल नेताओं ने उपखंड अधिकारी संदीप कुमार काकड़ को 13 सूत्री मांग पत्र देकर अवगत कराया कि जिले के 300 भट्टों पर लगभग 30 हजार श्रमिक काम करते हैं 90प्रतिशत प्रवासी मजदूरों को राज्य व जिला के मजदूरों को राज्य सरकार की बुनियादी सुविधा नहीं मिल रही है। प्रतिनिधिमंडल में 13 सूत्री मांग पत्र देकर भट्ठा मजदूरों की मजदूरी दरों में बढ़ोतरी करने, भट्ठा मजदूरों को निर्माण उद्योग में शामिल कर निर्माण उद्योग से मिलने वाली तमाम सुविधाओं का लाभ दिलाने, एक राष्ट्र एक राशन कार्ड योजना के तहत भट्ठा मजदूरों को फ्री राशन देने, राज्य सरकार द्वारा बजट में घोषित



राशन किट उपलब्ध करवाने, केंद्र सरकार की हर घर को नल से जल योजना के तहत पीने का शुद्ध पानी उपलब्ध कराने, भारत सरकार की आई-श्रम कार्ड योजना के तहत ईट भट्ठा मजदूरों का पंजीयन करवाने के लिए मालिकों को पाबंद करने, स्वच्छ भारत अभियान के तहत रियायती मकान, क्वार्टर, झोपड़ी में मजदूरों के लिए शौचालय उपलब्ध करवाने, बंद पड़े शौचालय को चालू करवाने, भट्ठा मजदूरों के स्वास्थ्य की जांच और उपयुक्त इलाज के लिए मोबाइल चिकित्सा केंद्र की व्यवस्था करने, लगातार बढ़ रही महंगाई को देखते हुए भट्ठों पर काम करने वाले मजदूरों को बीपीएल की तरह प्रतिमा 35 किलो राशन उपलब्ध करवाने, संगठित क्षेत्र में माइग्रेट मजदूरों के लिए केंद्र सरकार की योजना के तहत मजदूरों के बच्चों को शिक्षा देने के लिए ईट भट्ठों पर स्कूल की व्यवस्था करने, कुछ भट्ठा मालिको द्वारा मजदूरों से व्यावसायिक दर पर बिजली चार्ज वसूले जा रहे हैं उनके खिलाफ कार्यवाही करने, भट्ठा मजदूरों को इसी कानून के दायरे में लाकर सुविधा उपलब्ध कराने, ईट भट्ट पर फैक्ट्री एक्ट के सभी प्रावधान कड़ाई से लागू करने, ठेका प्रथा पर रोक लगाकर वेतन न्यूनतम 26000 रुपए मासिक करने, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड पर टैक्सी टेंपो यूनियन के लिए स्थाई जगह उपलब्ध कराने, उपखंड कार्यालय के पास 50 वर्षों आने जाने के लिए चल रहे रास्ते को दोबारा खुलवाने, श्री सीमेंट मजदूरों की समस्याओं को लेकर उपखंड अधिकारी से चर्चा कर समाधान करने की बात कही। प्रदर्शन के दौरान वेद प्रकाश, राकेश गोदारा, राम सिंह, राजेश कुमार मानसिंह सहित काफी संख्या में मजदूर मौजूद रहे।

# ग्वालियर में बीएसएफ इंस्पेक्टर के डिजिटल अरेस्ट का मामला

## कर्नाटक, औरंगाबाद-गुड़गांव में मिली लिंक; 3 बैंकों के 4 अकाउंट में पहुंचे 75 प्रतिशत रुपए

जनमार्ग न्यूज

**ग्वालियर।** ग्वालियर में अब तक का सबसे बड़ा डिजिटल अरेस्ट का मामला सामने आने के बाद पुलिस अब उसकी पड़ताल में लग गई है। इसमें बीएसएफ (बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स) टेकनपुर में पदस्थ इंस्पेक्टर को एक महीने तक डिजिटल अरेस्ट रखा और उनसे 71.25 लाख रुपए ठग लिए गए। अब पुलिस की साइबर टीम ने डिटेल खंगाली तो पता लगा कि ठगी का 75 फीसदी पैसा कर्नाटक, औरंगाबाद व गुड़गांव के चार बैंक के खातों में गया है। जिन बैंक खातों में ठगी के रुपए का ट्रांजैक्शन हुआ है, उनमें से दो अकाउंट बंधन बैंक, एक खाता बैंक ऑफ सिंगापुर, बैंक ऑफ बड़ौदा में हैं। अब पुलिस पता लगा रही है कि यह बैंक खाते किसके नाम पर हैं। आशंका है कि यह अकाउंट फर्जी तरीके से खुलवाए गए होंगे। मुंबई साइबर व क्राइम ब्रांच अधिकारी बनकर बात कर रहे बदमाशों ने बीएसएफ इंस्पेक्टर अबसार अहमद को बीच में एक बार 94 हजार रुपए वापस लौटाए थे। जिससे वह उस पर विश्वास कर लें। इसके बाद उससे डिजिटल अरेस्ट करने वाले ठगी करते चले गए। यह बात बीएसएफ इंस्पेक्टर ने पुलिस को बताई है। साथ ही लखनऊ में उसके परिवार को बार-बार अरेस्ट करने की बात कहकर वह बीएसएफ इंस्पेक्टर को डराते थे। जिससे वह उनके जाल से बाहर ही नहीं निकल सका।

# गोलूवाला निवादान के निवासियों ने पानी निकासी की समस्या को लेकर कलक्टर से की शिकायत

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** मंगलवार को गोलूवाला निवादान के निवासियों ने जिला कलक्टर महोदय को सौ वर्षों से अवरुद्ध हो चुकी प्राकृतिक पानी निकासी व्यवस्था की समस्या से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि वार्ड संख्या 5, 8, और 6 के क्षेत्र में जलनिकासी की कोई उचित व्यवस्था नहीं है, जिससे बरसात के मौसम में घरों के आगे पानी जमा हो जाता है। इस समस्या से न केवल यातायात में कठिनाई होती है, बल्कि गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि गोलूवाला से हासलियां रोड, जो गोरवपंथ हॉस्पीटल से होते हुए पीलीबंगा तक जाती है, गांवों को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण सड़क है। यह सड़क वार्ड नंबर 5, 8 और 6 से होकर गुजरती है, और इन क्षेत्रों में दो सरकारी स्कूल, एक ओषधालय, हरीराम बाबा मंदिर, भैरू बाबा मंदिर, और रामदेव जी का पुराना मंदिर भी स्थित हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के समय इस सड़क पर पानी का जमाव हो जाता



है। विशेष रूप से वार्ड नंबर 5 और 8 के घरों का बरसाती पानी सड़क पर एकत्र हो जाता है। गनी आम को गौरवपथ से ऊपर उठाकर बनाया गया है, जिसके कारण पानी की निकासी नहीं हो पाती। इसके परिणामस्वरूप गोरवपंथ सड़कों पर 24 घंटे पानी से भरी रहती है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है। साथ ही, पानी जमा होने के कारण गंदगी फैलती है, जिससे मच्छरों का प्रजनन होता है और दुर्गंध भी फैलती है। यह समस्या गांववासियों के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि गोरवपंथ पर जमा गंदा पानी दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है और यह सड़क से गुजरने वाले लोगों के लिए बेहद खतरनाक हो चुका है। इसके अलावा, इस पानी के कारण बरसात के समय कीचड़ और गंदगी का ढेर भी लग जाता है, जिससे गांववासियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस समस्या के बारे में अनेकों बार ज्ञापन दिए गए, लेकिन जांच अधिकारी राजनैतिक दबाव के कारण गलत रिपोर्ट पेश करते हैं, जिससे समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा। ग्रामीणों ने जिला कलक्टर से मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष और ईमानदार जांच के लिए एक ऐसा अधिकारी नियुक्त किया जाए, जो बिना किसी राजनैतिक दबाव के इस समस्या का सही तरीके से समाधान कर सके।

# प्रयागराज महाकुंभ में एमपी के यात्रियों के लिए 40 ट्रेने

## 35 से ज्यादा स्टेशनों से गुजरेंगी; जानिए टाइमिंग और रिजर्वेशन की स्थिति

जनमार्ग न्यूज

**भोपाल।** 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में हो रहे महाकुंभ को लेकर रेलवे ने भी यात्रियों का ख्याल रखा है। रेलवे कुंभ जाने वाले मध्य प्रदेश के यात्रियों की सुविधा के लिए 40 ट्रेन चलाने जा रहा है। इनमें से ज्यादातर ट्रेनों में सीटें उपलब्ध हैं, जबकि कुछ ट्रेनों में वेटिंग भी है। ये ट्रेनें मध्य प्रदेश के 35 से ज्यादा स्टेशनों से गुजरेंगी। रेलवे के अधिकारियों के मुताबिक मध्य प्रदेश से भी लाखों लोग प्रयागराज कुंभ में शामिल होंगे। अब तक घोषित 40 ट्रेनों में से 14 से ज्यादा ट्रेनों में स्लीपर, थर्ड एसी और सेकेंड एसी में सीटें उपलब्ध हैं।

# कांग्रेस कमेटी ओबीसी ने एसपी से की मुलाकात, नशे के खिलाफ कार्यवाही की सराहना

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग हनुमानगढ़ के सदस्यों ने प्रदेश कॉर्डिनेटर गुरदीप चहल और जिलाध्यक्ष मनमोहन सोनी के नेतृत्व में जिला पुलिस कप्तान से मुलाकात की। इस मुलाकात का उद्देश्य नशे के खिलाफ पुलिस द्वारा की गई बड़ी कार्यवाही की सराहना करना था, साथ ही पुलिस कप्तान को डीआईजी पद पर पदोन्नति मिलने पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देना था। प्रदेश कॉर्डिनेटर गुरदीप चहल ने पुलिस कप्तान की कार्यवाही की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान समय में हनुमानगढ़ जिले में नशा एक बड़ी समस्या बन गया है, जो जिले के युवाओं को अपनी चपेट में ले रहा है। उन्होंने विशेष रूप से 1 क्विंटल 57 किलो अफीम के पकड़े जाने के मामले का उल्लेख किया, जिसमें पुलिस ने नशा



तस्करों पर कड़ी कार्यवाही की। इस प्रकार की कारंवाई से जिलेवासियों में पुलिस के प्रति विश्वास बड़ा है और नशे के खिलाफ जन जागरूकता फैल रही है। चहल ने कहा कि नशा युवाओं को अपराध की ओर भी धकेल रहा है। युवाओं के द्वारा चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है, और यह नशे का प्रभाव है। उन्होंने पुलिस कप्तान से आग्रह किया कि इस प्रकार की कार्यवाहियों को और बढ़ाया जाए ताकि नशे के इस माहौल को समाप्त किया जा सके और युवाओं को एक बेहतर और स्वस्थ भविष्य मिल सके। जिलाध्यक्ष मनमोहन सोनी ने पुलिस कप्तान की कड़ी मेहनत और प्रयासों की सराहना की और कहा कि जिले में नशे के खिलाफ की गई प्रभावी कार्यवाही के कारण पुलिस कप्तान को डीआईजी पद पर पदोन्नति मिली है। यह पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। सोनी ने कहा कि जिले में नशे के खिलाफ जो भी कदम उठाए गए हैं, वह युवाओं के भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।

# ट्रैक पर रखे सीमेंटेड पोल से टकराई चंपारण सत्याग्रह एक्सप्रेस

## असामाजिक तत्वों ने रचा हादसे का षड्यंत्र, पायलट ने लगाई इमरजेंसी ब्रेक

जनमार्ग न्यूज

**मोतिहारी।** मोतिहारी में मंगलवार की देर रात चंपारण सत्याग्रह एक्सप्रेस एक रेलवे ट्रैक पर रखे एक पोल से टकरा गई। असामाजिक तत्वों ने डाउन रेलवे ट्रैक पर सीमेंट का पोल रख दिया था। ट्रेन को दुर्घटनाग्रस्त करने की कोशिश की थी। लेकिन लोको पायलट की सूझबूझ से हादसा टला। ट्रेन आनंद विहार से आ रही थी। घटना मुजफ्फरपुर-नरकटियागंज रेल खंड के बापूधाम रेलवे स्टेशन से 169 किलोमीटर दूर चैलाहा हॉल्ट के पास घटी है। घटना की सूचना मिलने पर रेलवे सुरक्षा बल, स्थानीय पुलिस और रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। जांच में सामने आया कि चैलाहा हॉल्ट पर यात्रियों के लिए रखी गई सीमेंटेड बेंच को तोड़कर उसके हिस्सों को ट्रैक पर रखा गया था। ऐसा प्रतीत होता है कि यह जानबूझकर किया गया था ताकि ट्रेन को गंभीर दुर्घटना का शिकार बनाया जा सके। जैसे ही ट्रेन चालक ने ट्रैक पर रखे मलबे और सीमेंटेड बोल्डर को देखा, उसने तुरंत ब्रेक लगाकर रेलगाड़ी रोक दी।

# श्रीगुरू गोबिन्द सिंह के प्रकाशोत्सव पर समागम

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** टाउन स्थित गुरूद्वारा गुरूनानकसर प्रेमनगर में श्रीगुरू गोबिन्द सिंह के प्रकाशोत्सव के अवसर पर एक भव्य समागम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुरूद्वारा साहिब में सुबह श्रीअखण्ड पाठ के भोग के बाद हैडग्रंथी बाबा जोगिन्द्र सिंह ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए विशेष अरदास की। अरदास के बाद विशाल समागम का आयोजन किया गया, जिसमें सिख समुदाय के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। समागम की शुरुआत गुरवाणी के पाठ से हुई, जिसमें ढाडी जत्था फुमन सिंह वर्ण सिरसावाले, गुणीज्ञानी जत्थों ने अपनी धार्मिक वाणी से संगतों को निहाल किया। सभी ने गुरु के उपदेशों पर चिंतन करते हुए धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा ली। इस धार्मिक समागम में गुरू के उपदेशों का बखान किया गया और सिख धर्म के संदेशों को सभी तक पहुंचाया गया। समागम के दौरान, गुरू का



लंगर अटूट बरताया गया, जिसमें श्रद्धालुओं को श्रद्धापूर्वक भोजन वितरण किया गया। गुरू के इस लंगर ने एकता, भाईचारे और सेवा के महत्व को दर्शाया। लंगर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भोजन किया और गुरु की असीम कृपा का अनुभव किया। गुरूद्वारा प्रधान बलकरण सिंह ने इस अवसर पर उपस्थित संगत से आह्वान किया कि वे हमेशा गुरु के बताये मार्ग पर चलें और समाज में शांति, भाईचारे और एकता का संदेश फैलायें। उन्होंने कहा कि श्रीगुरू गोबिन्द सिंह का जीवन हमें साहस, त्याग और धर्म की रक्षा के लिए प्रेरित करता है। अस मौके पर अवल रहने वाले जिनहोने पढाई में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लेने वालो बच्चो को व नगर परिषद के जेसीबी ड्राईवर विकास को प्रबन्ध कमेटी कि तरफ से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानीत किया गया । समागम के अंत में गुरु के आशीर्वाद से सभी श्रद्धालुओं ने सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

## नैशनल क्वानकिडो चैम्पियनशिप में

# हनुमानगढ़ ने जीत 2 गोल्ड व तीन कांस्य



जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** इंदौर, मध्य प्रदेश में आयोजित 6वीं नैशनल क्वानकिडो चैम्पियनशिप 2024-25 में राजस्थान राज्य ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नेशनल चैम्पियनशिप में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में राजस्थान के कई खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से प्रदेश का नाम रोशन किया।

मंगलवार को जिला कलक्टर कानाराम व जिला क्वानकिडो एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष शिवराज सिंह बराड़ ने विजेता खिलाड़ियों का स्वागत किया और उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और संघर्ष को सराहा। जिला कलक्टर ने कहा कि इस प्रकार की सफलता से जिले के युवाओं को प्रेरणा मिलती है और यह साबित होता है कि हनुमानगढ़ में खेलों का भविष्य उज्जवल है।

राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में संदीप कुमार और कलावती ने गोल्ड मेडल हासिल किया, जबकि नवीन अनुराग और ज्योति ने कांस्य पदक जीते। इन खिलाड़ियों की सफलता से जिले के खेल प्रेमियों में उत्साह की लहर दौड़ गई है। सभी ने इस सफलता के लिए खिलाड़ियों की मेहनत और संघर्ष को सराहा।

जिला क्वानकिड़ो एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष शिवराज सिंह बराड़ ने भी इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि यह जीत उनकी कड़ी मेहनत और प्रशिक्षण का परिणाम है। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में हनुमानगढ़ के खिलाड़ी और भी बड़ी सफलताएँ प्राप्त करेंगे। यह सफलता न केवल इन खिलाड़ियों के लिए, बल्कि हनुमानगढ़ जिले के लिए भी गर्व का विषय है। इस प्रकार की उपलब्धियाँ जिले में खेलों को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं को अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करती हैं।

इस मौके पर जूडो कोच अभयजीत सिंह, डॉ. अंबेडकर नवयुवक संघ हनुमानगढ़ के विनोद कण्डा, सुरेंद्र प्रसाद खटीक, रामसरुप बौद्ध, अंशुमन बामणिया सहित अन्य खेल प्रेमी भी मौजूद रहे और खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दीं।

# एमपी सरकार युवाओं को देगी सेना: पुलिस की ट्रेनिंग

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के युवाओं को अब सरकार सेना, पुलिस और पैरा मिलिट्री की ट्रेनिंग भी देगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को भोपाल में पार्थ स्कीम यानी, पुलिस आर्मी रिक्रूटमेंट ट्रेनिंग एंड हुनर की शुरुआत करेंगे। वे टीटी स्टेडियम में चल रहे 28वें राज्य स्तरीय युवा उत्सव में शामिल होंगे। खेल मंत्री विश्वास सारंग ने बताया, इस योजना में प्रदेश के युवाओं को भारतीय सेना, पुलिस, पैरा मिलिट्री आदि में रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए भर्ती पूर्व ट्रेनिंग दी जाएगी। खेल विभाग की संभाग स्तरीय अधोसंरचना में भी युवाओं को प्रशिक्षण मिल सकेगा। मंत्री सारंग ने बताया कि टीटी नगर स्टेडियम में 28वां राज्य स्तरीय युवा उत्सव चल रहा है। जिसका आज, बुधवार को समापन होगा। इसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल होंगे। इसी दौरान मुख्यमंत्री खेल विभाग की पार्थ योजना और व एमपीवाई (मध्यप्रदेश युवा प्रेरक अभियान) का शुभारंभ करेंगे।

# लायंस प्रांत का जीएलटी 'आरम्भ' सेमिनार सम्पन्न

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** लायंस इंटरनेशनल (प्रांत 3233 ई-1) के सहप्रान्तपाल (द्वितीय) एमजेएफ आशुतोष वशिष्ठ के नेतृत्व में खाटूश्याम की पावन धरा पर दो दिवसीय ग्लोबल लीडरशिप टीम(जीएलटी) सेमीनार उल्लासपूर्ण सम्पन्न हुआ। प्रांतीय जनसंपर्क अधिकारी आशीष अरोड़ा ने बताया कि मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक गवर्नर पीएमजेएफ सुनील अरोड़ा, विशिष्ठ अतिथि एमजेएफ जयप्रकाश त्रिपाठी (सहप्रांतपाल द्वितीय 3233 जी-1), फैकल्टी एमजेएफ विनोद वर्मा जीएलटी एरिया लीडर, एमजेएफ अविनाश शर्मा पूर्व मल्टीपल काउंसिल चेयरमैन व एमजेएफ मोनिंदरसिंह चंडोक एलसीआईपी सर्टिफाइड ट्रेनर एंड कोच पूर्व प्रांतपाल एमजेएफ केसी बंसल, एमजेएफ अंजना जैन, एमजेएफ अशोक ठाकुर व एमजेएफ आलोक अग्रवाल ने ज्योति प्रज्ज्वलित सेमिनार की शुरुआत की। ध्वज वंदना व राष्ट्रगान एमजेएफ अर्पिता वशिष्ठ द्वारा प्रस्तुत किया गया। स्वागत भाषण एमजेएफ आशुतोष वशिष्ठ द्वारा दिया गया। डिस्ट्रिक मीडिया चेयरपर्सन एमजेएफ मीनू भारतीय के अनुसार शाम 4 से रात्रि 12 बजे तक चले इस कार्यक्रम के दौरान प्रांतीय व अंतरराष्ट्रीय अनुभवी लॉयन लीडरों द्वारा लॉयन सदस्यों को सफल लीडर बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। भजन संध्या का आयोजन किया,जिसमें उच्च कोटि के गायकों के साथ-साथ जीएमटी कॉर्डिनेटर केवल सचदेवा ने भी भजन प्रस्तुत किए। खाटू श्याम के भजनों पर श्रोता भाव विभोर हो कर झूम उठे। दूसरे दिन प्रातः 6 बजे लॉयन सदस्यों ने खाटू श्याम मंदिर दर्शन किए। इसके उपरांत आपसी सद्भाव के लिए फेलोशिप कार्यक्रम रखा गया। सह प्रांतपाल (द्वितीय) डॉ. आशुतोष वशिष्ठ ने लायंस क्विज प्रतियोगिता करवाई। विजेताओं को उपहार प्रदान किए गए। पीआरओ (मध्यप्रदेश) प्रशांत वाजपेयी ने बताया कि कार्यक्रम में राजस्थान व मध्यप्रदेश के समस्त क्लबों से सैकड़ों लॉयन सदस्यों ने भागीदारी निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य प्रायोजक एमजेएफ धीरेन्द्र मैदान, पीएमजेएफ नरेंद्र चांगिया, अमित पारीक, सीपी तनेजा, कैलाश खंडेलवाल, दिनेश गुप्ता, अरविंद खुराना व आरएस मैदान, कार्यक्रम कॉर्डिनेटर प्रशांत जैन, कमल वशिष्ठ, अरविंद खुराना व अजय सक्सेना, संयोजक लायंस क्लब जयपुर आमेर फोर्ट के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, सचिव पवन शर्मा, कोषाध्यक्ष मनोज शर्मा व सह संयोजक लायंस क्लब जयपुर मालवीय नगर के अध्यक्ष विनय माथुर, सचिव रेणु माथुर व कोषाध्यक्ष विवेक बाहरी का आयोजन को सफल बनाने में विशेष सहयोग रहा। मुख्य अतिथि प्रांतपाल सुनील अरोड़ा ने प्रशंसा करते हुए आशुतोष वशिष्ठ व आयोजक मंडल की पूरी टीम को बधाई दी। सह प्रांतपाल (द्वितीय) डॉ. आशुतोष वशिष्ठ ने कहा इस आयोजन की सफलता का श्रेय सेमिनार में उपस्थित समस्त लायन सदस्यों को जाता है,जिन्होंने इस कार्यक्रम में पूरे उत्साह से अपनी भागीदारी निभाई है। वीके माथुर ने आभार व्यक्त किया। मंच संचालन एमजेएफ कमल वशिष्ठ ने किया।



## खेत में ट्रैक्टर पलटने से महिता समेत दो की मौत

**जामताड़ा ( जनमार्ग न्यूज )।** जामताड़ा में बुधवार को ट्रैक्टर पलटने से एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। जबकि दो अन्य घायल हो गए। मरने वालो में ट्रैक्टर का चालक और एक महिला मजदूर शामिल है। घटना जामताड़ा जिले के मिहिजाम थाना क्षेत्र के शहरडाल-चंद्रडीपा रोड पर कोलपाड़ा के पास घटी है। ड्राइवर का नियंत्रण हटने से ट्रैक्टर असंतुलित हो गया और खेत में निर्माणाधीन एक मकान के पास जा पलटा। इसमें दबकर दो की मौत हुई है और दो घायल हुए हैं। मृतक दोनों चंद्रडीपा झिलिम पाड़ा निवासी हैं। हादसे के वक्त ट्रैक्टर खाली था। ट्रैक्टर चंद्रडीपा की ओर से शहरडाल की ओर आ रहा था। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को जामताड़ा सदर अस्पताल पहुंचाया। जबकि शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए जामताड़ा भेज दिया गया है।

# बार संघ का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

जनमार्ग न्यूज



**सूरतगढ़।** बार संघ न्यायिक का शपथ ग्रहण समारोह बार रूम में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश मोहम्मद आसिफ अंसारी ने अध्यक्ष राकेश झोरड़, सचिव सोनू गाबा, कोषाध्यक्ष कम लाइब्रेरियन उदित नारायण ओझाईया को शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश मोहम्मद आसिफ अंसारी, विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दीपेंद्र कुमार मीणा, न्यायिक मजिस्ट्रेट ध्वनि तंवर, अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट भावना, बार संघ राजस्व धनवीर हुंदल, निर्वाचन अधिकारी चानणमल स्वामी व सुभाष बिश्नोई ने निर्वाचित बार संघ अध्यक्ष राकेश झोरड़, सचिव सोनू गाबा, अध्यक्ष उदित नारायण को निर्वाचन प्रमाण पत्र देकर के कार्यभार ग्रहण करवाया। अतिथि अतिरिक्त जिला एवं शासन न्यायाधीश मोहम्मद आसिफ अंसारी ने शुभकामनाएं देते हुए बार और बेंच का सदस्य बनाए रखने के लिए सभी को सहयोग करने की बात कही। इन्होंने कहा सभी को मिलजुल कर नए न्यायालय भवन के निर्माण में भागीदारी निभानी है। निर्वाचित अध्यक्ष राकेश झोरड़ ने कहा सबके सहयोग से अध्यक्ष निर्वाचित होने पर बार की गरिमा को कायम रखते हुए बार हित में काम करते हुए नए भवन के लिए बजट स्वीकृत करवाने के लिए पूरे प्रयास किए जाएंगे। निर्वाचन अधिकारी सुभाष बिश्नोई, निर्वाचन अधिकारी चानण मल स्वामी ने निर्वाचित पदाधिकारी को शुभकामनाएं देते हुए निष्पक्ष काम करवाने में सभी के सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। चुनाव के दौरान विशेष सेवाएं देने पर सहायक निर्वाचन अधिकारी श्रवण गोदारा, बाल संघ के सहायक बार संघ के सहायक चंदूराम स्वामी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। अध्यक्ष राकेश झोरड़, सचिव सोनू गाबा, कोषाध्यक्ष उदित नारायण ने बार संघ के सभी अधिवक्ताओं का आभार प्रकट किया। निर्वाचन अधिकारी सुभाष बिश्नोई, निर्वाचन अधिकारी बिश्नोई, चानाणमल स्वामी व सहायक निर्वाचन अधिकारी श्रवण गोदारा ने मतदान प्रक्रिया पूरी करवाई।

## हिमाचल में शीतलहर और कोहरे का अलर्ट

### 7 शहरों का पारा माइनस में, 11 जनवरी को फिर बारिश-बर्फबारी की संभावना

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मैदानी इलाकों में तीन दिन तक शीतलहर और घना कोहरा लोगों को परेशान करेगा। मौसम विभाग ने 4 जिले ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, कांगड़ा और मंडी में घने कोहरे के साथ साथ शीतलहर चलने का भी येलो अलर्ट जारी किया है।

इससे वाहन चालकों को दोपहर तक गाड़ी चलाने में परेशानी हो सकती है। धुंध की वजह से विजिबिलिटी 50 मीटर से भी नीचे गिर सकती है। इसी तरह शीतलहर के कारण इन जिलों में ठंड बढ़ने से जमीन पर पाला (ग्राउंड फ्रॉस्ट) भी पड़ सकता है। हिमाचल प्रदेश में अगले तीन दिन तक मौसम साफ रहेगा। 10 जनवरी तक बारिश-बर्फबारी के आसार नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार, 11 जनवरी को वेस्टर्न डिस्टरबेंस फिर से सक्रिय हो रहा है। इससे अगले 48 घंटे तक पहाड़ों पर बारिश बर्फबारी होगी। मगर यह ज्यादा स्ट्रांग नहीं है।

डब्ल्यूडी एक्टिव होने से 11 जनवरी को प्रदेश के ज्यादातर भागों में मौसम खराब रहने का पूर्वानुमान है, जबकि 12 दिसंबर को मैदानी इलाकों में साफ और अधिक ऊंचे व मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ही बारिश बर्फबारी हो सकती है।

वहीं मौसम साफ होने के बाद तापमान में उछाल आ रहा है। प्रदेश का औसत अधिकतम पारा सामान्य से 2.5 डिग्री ज्यादा हो गया है। कई शहर ऐसे भी जहां सामान्य से 6 डिग्री तक ज्यादा तापमान हो गया है। धर्मशाला के तापमान में नॉर्मल की तुलना में सबसे ज्यादा 5.6 डिग्री के उछाल के बाद 22.0 सेल्सियस पारा पहुंच गया है। ऊना के तापमान में भी 4.4 डिग्री का उछाल आने के बाद यहां का पारा 22.8 डिग्री हो गया है। कांगड़ा का तापमान में भी सामान्य से 5 डिग्री के उछाल के साथ 21 डिग्री हो गया है।

# कणाऊ और कुंजी के रबी फसल बीमा क्लेम को लेकर किसान प्रतिनिधिमंडल की कलेक्टर से मुलाकात

**हनुमानगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** मंगलवार को ग्राम पंचायत कणाऊ और कुंजी के रबी 2022-23 के फसल बीमा क्लेम के मामले को लेकर एक किसान प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर से मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल में भादरा शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अजय ढिल, अखिल भारतीय किसान सभा भादरा तहसील सचिव रोहतास सोलंकी, राकेश थालौड़ और अन्य किसान नेता शामिल थे। उन्होंने कणाऊ और कुंजी पटवार मंडल में रबी 2022-23 के चने पर लगे अनावश्यक ऑब्जेक्शन हटाकर फसल बीमा क्लेम जारी करने की मांग की।



ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अजय ढिल ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि रबी 2022-23 में किसानों ने भारी फसल नुकसान झेला था, लेकिन फसल बीमा क्लेम जारी करने में कई अतार्किक ऑब्जेक्शन लगाए गए हैं। विशेष रूप से ग्राम पंचायत कुंजी में चने की फसल के लिए 400 रुपए प्रति हेक्टेयर तथा कणाऊ - नुआं में 8000 रुपए प्रति हेक्टेयर का बीमा क्लेम जारी किया गया, जो किसानों के नुकसान के अनुपात में अत्यधिक कम है।

डॉ. ढ़िल ने यह भी बताया कि चने की फसल की क्रॉप कटिंग के आंकड़ों में कई विसंगतियाँ पाई गई हैं। उदाहरण स्वरूप, गांव रामपुरा के खसरा नंबर 194/1 में 150 ग्राम, खसरा नंबर 198/1 में 0 ग्राम, गांव घोटड़ा पट्टा के खसरा नंबर 116/1 में 0 ग्राम, खसरा नंबर 32/1 में 0.5 ग्राम, और गांव नुआं के खसरा नंबर 517/143 में 0 ग्राम का लब्धि दर्शाई गई है। ऐसे आंकड़े किसानों के नुकसान को सही तरीके से दर्शाते नहीं हैं और बीमा क्लेम में देरी का कारण बन रहे हैं।

किसान प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से यह भी कहा कि अगर कणाऊ और कुंजी पंचायत में लगाए गए ऑब्जेक्शन शीघ्र हटाए नहीं गए और उचित फसल बीमा क्लेम जारी नहीं किया गया, तो वे अनिश्चितकालीन पड़ाव शुरू करेंगे। इस संदर्भ में प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गई, तो उनका संघर्ष आगे बढ़ेगा।

## रामगढ़ में ड्राइवर समेत 4 बच्चों की मौत

**रामगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** रामगढ़ के गोला स्थित मठवाटांड दामोदर रेस्टोरेंट के पास स्कूली बच्चों से भरे ऑटो का एक्सीडेंट हो गया। इस हादसे में ऑटो चालक और गुडविल मिशन स्कूल तिरला के तीन बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कई बच्चे घायल हो गए। एक्सीडेंट होते ही वहां पर चीख पुकार मच गई। आसपास मौजूद लोग भागे-भागे मौके पर पहुंचे और तत्परता दिखाते हुए घायल बच्चों को निकाला। सभी घायलों को गोला के सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में भर्ती कराया है।जानकारी के मुताबिक आलू लदा एलपी ट्रक बोकारो से गोला की ओर आ रहा था। इसी दिशा से स्कूली बच्चों से भरा ऑटो भी आ रहा था। इसी दौरान ट्रक ने ऑटो को पीछे से टक्कर मार दी। इसके बाद अनियंत्रित ट्रक ऑटो पर ही पलट गई।

## पूर्व भाजपा विधायक से मिले करोड़ों रुपए कैश और गोल्ड

### सागर में आयकर विभाग ने पकड़ी 150 करोड़ की टैक्स चोरी; 7 लग्जरी कारें बरामद

जनमार्ग न्यूज



हरवंश सिंह राठौर
पूर्व विधायक

**भोपाल।** सागर में बीड़ी और कंस्ट्रक्शन कारोबारी राजेश केशरवानी और बंडा से बीजेपी के पूर्व विधायक हरवंश सिंह राठौर के ठिकानों पर की गई छापेमारी में आयकर विभाग ने करीब डेढ़ सौ करोड़ की टैक्स चोरी पकड़ी है। दोनों के ठिकानों से कैश के अलावा गोल्ड भी बरामद किया गया है। कारोबारी राजेश केशरवानी के यहां से आयकर विभाग ने सात कारें जब्त की हैं जो किसी और के नाम पर हैं। इन कारों का इस्तेमाल केशरवानी परिवार कर रहा था। आयकर विभाग ने रविवार को सागर में तीन ठिकानों पर छापेमारी की थी। यह कार्रवाई पूरी हो गई है। जिसमें आयकर ने बड़ी टैक्स चोरी पकड़ी है। साथ ही बेनामी प्रॉपर्टी के दस्तावेज भी मिले हैं। आयकर विभाग ने इन्हें कब्जे में लेकर विस्तृत जांच शुरू कर दी है। संबंधितों को समन जारी कर बयान लेने की तैयारी की जा रही है। अकेले राजेश केशरवानी के ठिकानों पर आयकर विभाग को 140 करोड़ रुपए की कर चोरी के दस्तावेज मिल चुके हैं। बाकी दस्तावेजों की पड़ताल अभी की जा रही है, जिसमें कर चोरी का आंकड़ा बड़ना तय माना जा रहा है। इस परिवार के पास सात बेनामी इम्पोर्टेड कारें भी मिली हैं। जिसके मालिक केशरवानी परिवार के सदस्य नहीं हैं। विभाग पड़ताल कर रहा है कि ये कारें किसने और क्यों दी हैं? इसके अलावा केशरवानी के यहां से विभाग को 4 किलो 700 ग्राम गोल्ड मिला है। हालांकि उसे सीज नहीं किया गया है। क्योंकि परिवार के सदस्यों के पास इसका पूरा हिसाब है। छापे में पूर्व विधायक हरवंश सिंह राठौर के ठिकानों से करोड़ रुपए कैश मिले हैं।

# श्री गुरूगोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर नगरकीर्तन का आयोजन

**हनुमानगढ़।** सरबंसदानी साहिब श्री गुरूगोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में नई खुंजा वार्ड 4 स्थित गुरूद्वारा श्री दशमेश पिता जी द्वारा विशाल पैदल नगरकीर्तन निकाला गया। यह नगरकीर्तन गुरूजी के प्रति श्रद्धा और सम्मान का प्रतीक था, जिसमें क्षेत्र की संगत और श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।



नगरकीर्तन की शुरुआत से पहले प्रधान ठाणा सिंह ने गुरूद्वारा में क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए अरदास की। इसके बाद, उन्होंने नगरकीर्तन में शामिल सभी सेवादारों को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया। इसके पश्चात, नगरकीर्तन की विधिवत शुरुआत पंज प्यारों की अगुवाई में की गई, जिनके साथ संगत भी प्रभु के नाम का जाप करती हुई चल रही थी। नगरकीर्तन में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था, और रास्ते में विभिन्न स्थानों पर भक्तों ने स्वागत किया।

नगरकीर्तन का स्वागत सामाजिक समरस्ता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाशनाथ उर्फ रामप्रताप भाट और युवा नेता विजय टाक ने विशेष रूप से नगरकीर्तन का स्वागत किया और सभी श्रद्धालुओं को बधाई दी। नगरकीर्तन के दौरान युवा नेता विजय टाक ने पकौड़ों का अटूट लंगर भी बरताया, जिसे श्रद्धालुओं ने प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। इस लंगर का आयोजन गुरूद्वारा द्वारा किया गया था, ताकि सभी श्रद्धालु न केवल धार्मिक कृत्य में भाग लें बल्कि शारीरिक रूप से भी ताजगी महसूस करें।

प्रधान ठाणा सिंह ने बताया कि 09 जनवरी को गुरूद्वारा साहिब में श्रीअखण्ड पाठों के भोग के पश्चात एक विशाल समागम का आयोजन किया जाएगा। इस समागम में प्रमुख ज्ञानी और पंडित गुरूवाणी का पाठ करेंगे और संगतों को निहाल करेंगे। समागम के दौरान श्री गुरूगोबिंद सिंह जी की शिक्षाओं पर प्रकाश डाला जाएगा और श्रद्धालुओं को जीवन में धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी जाएगी। सामाजिक समरस्ता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाशनाथ उर्फ रामप्रताप भाट ने इस मौके पर कहा कि नगरकीर्तन न केवल धार्मिक श्रद्धा का प्रतीक है, बल्कि यह आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने का एक अहम जरिया भी है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज में एकजुटता और सामूहिक भावना को बल मिलता है, जो हमारे समाज की सबसे बड़ी ताकत है।

## शादीशुदा गर्लफ्रेंड से मिलने पहुंचा ब्वॉयफ्रेंड, जमकर हुई पिटाई

**धनबा ( जनमार्ग न्यूज )द।** धनबाद में शादीशुदा गर्लफ्रेंड से पहुंचना ब्वॉयफ्रेंड के लिए महंगा साबित हुआ। लोगों ने पकड़कर उसकी जमकर पिटाई कर दी और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। घटना भूली थाना क्षेत्र स्थित आजाद नगर की है। वहीं, प्रेमिका का कहना था कि शादी उसकी मर्जी के बगैर की गई है। वो प्रेमी के साथ ही जाएगी।

दरअसल, चंद्रपुरा तुरियो बस्ती का रहने वाला युवक मंगलवार को अपनी शादीशुदा गर्लफ्रेंड से मिलने आजाद नगर पहुंच था। घर में गर्लफ्रेंड अकेली थी। तभी उसके परिजन आ गए। घर में युवक को देख शोर मचाने लगे। शोर सुनकर आसपास के लोग भी जुट गए। मौके पर युवक की जमकर धुनाई कर दी। इसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया। युवक का कहना था कि गर्लफ्रेंड ने ही उसे फोन कर बुलाया था। मामला थाना पहुंचने के बाद युवक व युवती के परिजन भी पहुंचे। दोनों के परिजनों का कहना है हमें इन लोगों से अब कोई मतलब नहीं है।

# आरजेएस 2024 की टॉपर राधिका बंसल का भव्य सम्मान

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** हर्ष कॉन्वेंट स्कूल में राजस्थान न्यायिक सेवा 2024 की टॉपर राधिका बंसल का एक भव्य समारोह में सम्मान किया गया। राधिका बंसल ने पूरे राजस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। सम्मान समारोह में बोलते हुए राधिका बंसल ने अपनी सफलता का मूल मंत्र साझा करते हुए कहा, 'आरजेएस जैसी कठिन परीक्षा की तैयारी त्रिस्तरीय होती है- प्रारंभिक, मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। मेहनत, लगन और अनुशासन ही सफलता के आधार स्तंभ हैं। विद्यार्थियों के सवालों का उत्तर देते हुए उन्होंने बताया, परीक्षा के दौरान तनाव रहित रहना और स्वयं की तुलना दूसरों से न करना सबसे जरूरी है। मोबाइल का उपयोग केवल पढ़ाई के लिए करें और जरूरत से ज्यादा समय बर्बाद करने से बचें।



इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन अनिल धानुका ने राधिका को बधाई देते हुए कहा, 'आरजेएस जैसी कठिन परीक्षा को पहले ही प्रयास में प्रथम स्थान पर उत्तीर्ण करना उनकी कड़ी मेहनत और सच्ची लगन का नतीजा है। यह सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के डायरेक्टर राकेश धानुका और गौरव बंसल ने राधिका बंसल को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। प्राचार्य डॉ. एपी सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए राधिका की उपलब्धि को क्षेत्र की शान बताया।

इस समारोह में राधिका बंसल के पिताजी पुरुषोत्तम बंसल, भाई गौरव बंसल, और अग्रवाल समाज समिति के अध्यक्ष अनिल बंसल के साथ सुभाष गुप्ता, हनुमान गुप्ता, सुशील अग्रवाल, जयप्रकाश सरावगी, और अर्चित धानुका सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षाविद मांगी लाल शर्मा ने किया, जिनकी वाणी ने आयोजन को और भी गरिमामयी बना दिया। हर्ष कॉन्वेंट स्कूल ने इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी विद्यार्थियों को प्रेरणा और साहस से अपने सपनों की उड़ान भरने का संदेश भी दिया।

## जालंधर की हरसीरत बनी जूनियर मिस इंडिया

**जालंधर ( जनमार्ग न्यूज )।** जालंधर की तीसरी क्लास की छात्रा हरसीरत कौर को जूनियर मिस इंडिया चुना गया है। इस प्रतियोगिता में 8 से 10 साल के बच्चों ने हिस्सा लिया था। हरसीरत कौर विजयी हुई और उन्होंने इस साल जूनियर मिस इंडिया का खिताब अपने नाम किया। हरसीरत कौर शहर के एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ती हैं। इसके साथ ही इस प्रतियोगिता में गुजरात की प्रियांशा चाहंदे दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि सुंदरगढ़ की सनम कराली तीसरे स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता में पूरे भारत से करीब 120 बच्चों ने हिस्सा लिया था। हरसीरत 8 से 10 साल के एज ग्रुप का खिताब जीता है।लड़की के पिता गुर इकबाल सिंह और मां नीलू ने मीडिया से कहा- हरसीरत ने पढ़ाई के साथ-साथ यहां तक का जो सफर तय किया है, वह बिल्कुल भी आसान नहीं था। पढ़ाई के साथ-साथ इस करियर पर ध्यान देना मुश्किल था। लेकिन बेटी ने अपना लक्ष्य हासिल कर लिया। हरसीरत के पिता गुर इकबाल सिंह ने आगे कहा- हमारी बेटी मॉडल बनने के साथ-साथ डॉक्टर भी बनना चाहती है। हमारी बेटी कभी हार नहीं मानती।

# आहिल्या बाई होल्कर का व्यक्तित्व प्रेरणा का स्रोत हैं: डॉ. अंतर्यामी कौशिक

**सूरतगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** राजकीय महाविद्यालय ,सूरतगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में अहिल्या बाई होल्कर व्याख्यान का कार्यक्रम विवेकानंद हॉल में सम्पन्न हुआ। व्याख्यान कार्यक्रम की शुरुआत में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पीताम्बर मंगानी ने आहिल्या बाई होलकर व्याख्यान कार्यक्रम के बारे में विस्तारपूर्वक बताते हुए सभी का शब्दों से स्वागत किया। व्याख्यान कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.कमलजीत सिंह ने करते हुए छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस व्याख्यान का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत मां, मातृभूमि व मातृभाषा से विद्यार्थियों को जोड़ने का उपक्रम है। 18वीं शताब्दी के पूर्वार्ध में अहिल्याबाई होलकर ने नारी शक्ति स्वरूपा का परिचय देते हुए मानव कल्याण कर मराठा साम्राज्य को प्रतिस्थापित किया। ऐसी महान विदुषी का व्यक्तित्व गौरवान्वित करता हैं। व्याख्यान के मुख्य वक्ता डॉ.अंर्तृयामी कौशिक ने आहिल्या बाई होल्कर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में होल्कर ने संघर्ष का रास्ता चुना और तत्कालीन राजनीतिक स्थितियों से मुकाबला कर महिलाओं के सम्मान के द्वार खोलें। उन्होंने छात्र-छात्राओं को अहिल्याबाई होलकर के जीवन संघर्ष को आत्मसात करने का आह्वान किया। इस अवसर पर व्याख्यान माला में वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. महबूब खान मुगल ने विषय परिवर्तन करते हुये कहा कि आहिल्या बाई द्वारा किये मानव कल्याण के कार्यों व धार्मिक सहिष्णुता का पक्ष भी प्रेरणादायी है। युवा विचारक डॉ. गौरीशंकर निमिवाळ ने कहा कि समकालीन समय मे आधी आबादी नारी के लिए आहिल्या बाई होल्कर का सम्पूर्ण जीवन पथ प्रदर्शक हैं।व्याख्यान में छात्र मंथन गेदर, प्रतिभा बिश्नोई ,सानिया ने आहिल्या बाई होल्कर के विभिन्न आयामों को रेखांकित करते हुए पत्रों का वाचन किया। व्याख्यान कार्यक्रम के अंत में रोवर रेंजर्स प्रभारी डॉ.सुनील पूनिया ने अतिथियों,वक्ताओं व छात्र-छात्राओं का आभार प्रकट किया। व्याख्यान कार्यक्रम का संचालन छात्र योगेश शर्मा ने किया।




# पंजाब में बच्चों-बुजुर्गों को मास्क पहनने की सलाह

## एचएमपीवी वायरस को लेकर अलर्ट, स्वास्थ्य मंत्री बोले- डरने की जरूरत नहीं, हम तैयार हैं

**चंडीगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** देश के सभी राज्यों में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस के मामलों के बीच भारत सरकार ने निगरानी बढ़ाने के आदेश दिए थे। इसको लेकर पंजाब का स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने लोगों से घर से बाहर निकलने पर मास्क पहनने का आग्रह किया है। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया है कि इस बीमारी से घबराने की बिल्कुल जरूरत नहीं है। साथ ही पंजाब में अभी तक इसका कोई मामला सामने नहीं आया है। पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने कहा- राज्य सरकार केंद्र के संपर्क में है और वायरस के फैलने से उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति के लिए तैयार है। इतना ही नहीं उन्होंने कमजोर इम्युनिटी वाले लोगों और 60 साल से अधिक उम्र के लोगों को भीड़भाड़ वाली जगहों पर मास्क पहनने की सलाह दी है। मंत्री ने आगे कहा- यह वायरस कोरोना जितना गंभीर नहीं है। यह हल्का वायरस है, जिससे फ्लू जैसे लक्षण होते हैं। आगे डॉ. बलबीर सिंह ने कहा- यह जानलेवा नहीं है। मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने कहा- पंजाब का स्वास्थ्य विभाग हर तरह की स्थिति से लड़ने के लिए तैयार है। यह कोई नया वायरस नहीं है और न ही यह जानलेवा वायरस है। जिन लोगों को अस्थमा जैसी कोई सांस संबंधी बीमारी है, उन्हें सार्वजनिक स्थानों पर नहीं जाना चाहिए। साथ ही अगर बाहर जाना ही है, तो मास्क पहनकर निकलें। लोगों को इससे घबराना नहीं चाहिए।

# जयपुर को गंदा करने पर कटेगा ऑनलाइन चालान

● सार्वजनिक स्थानों पर टॉयलेट की तो ● थूकने, गोबर डालने पर भी पाबंदी

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** स्वच्छता सर्वेक्षण से पहले जयपुर हैरिटेज नगर निगम सफाई को लेकर एक्शन मोड में आ गया है। निगम ने गंदगी और कचरे को कम करने के लिए अब ऑनलाइन चालान करने का फैसला किया है। जिसके तहत खुले में थूकने, नहाने और पेशाब करने पर जुर्माना लगाया जाएगा। इसके साथ ही पालतू जानवरों के पेशाब, शौच करने और सार्वजनिक स्थान पर गोबर डालने पर 200 से 5000 हजार रुपए तक जुर्माना देना पड़ेगा। हैरिटेज नगर निगम कमिश्नर अरुण हसीजा ने बताया कि स्वच्छता



सर्वेक्षण में जयपुर को नंबर वन बनाने के लिए नगर निगम द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में अब हैरिटेज निगम क्षेत्र की कॉलोनी में स्वीपर आईडेंटिफाई किए जाएंगे, कॉमर्शियल एरिया में डबल शिफ्ट में सफाई की जाएगी। नाले, पार्क और स्कूल साफ रहे इसकी अलग से मॉनिटरिंग की जाएगी। इसके साथ ही कही पर भी ओपन कचरा डिपो नजर न आए, रेड स्पॉट और येलो स्पॉट ना मिले। इसको लेकर जोन स्तर पर अभियान के तहत कार्रवाई शुरू कर दी गई है। कमिश्नर ने बताया कि हैरिटेज क्षेत्र में आईईसी एक्टिविटी के जरिए काफी समझाइश की जा चुकी है। लेकिन इसके बाद भी काफी लोग शहर को गंदा कर रहे हैं। जिनके खिलाफ अब सख्ती करते हुए ज्यादा से ज्यादा चालान किए जाएंगे। इसके लिए नगर निगम के सभी चीफ सैनिटरी इंस्पेक्टर को एक एप्लिकेशन दी गई है। इसके जरिए वो शहर को गंदा करने वाले लोगों के चालान कर सकेंगे और इसके लिए उन्हें पावर भी दी गई है।

# टांटिया यूनिवर्सिटी के कृषि संकाय ने प्रदर्शित की सब्जियों की नई किस्में

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** टांटिया यूनिवर्सिटी के कृषि संकाय ने अपने हार्टिकल्चर फार्म में उगाई सब्जियों का प्रदर्शन किया। इनमें कई सब्जियों की किस्म इस क्षेत्र में पहली बार उपयोग में लाई गई है। अब ये सब्जियां लोगों को उपलब्ध करवाई जा रही हैं। सब्जियों के प्रदर्शन का शुभारंभ वाइस चेयरमैन डॉ. मोहित टांटिया ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इनमें कुछ सब्जियों में बिल्कुल नया प्रयोग किया गया है। ये इस इलाके के किसानों के लिए भी एकदम नई किस्में हैं। डॉ. टांटिया ने कहा किसानों को भी इसका उपयोग करना चाहिए ताकि वे अधिक से अधिक लाभ ले सकें। उन्होंने कृषि संकाय के सदस्यों से कहा कि वे इसे बड़े स्तर पर फैलाएं, किसानों को भी प्रेरित करें। उन्हें ट्रेनिंग दें ताकि किसानों की आमदनी बढ़ाई जा सके। आज



प्रदर्शित की गई सब्जियों में गांठ गोभी, लाल मूली, सफेद मूली, पालक, मैथी, धनिया, शलजम आदि प्रमुख हैं। यूनिवर्सिटी के डिप्टी रजिस्ट्रार राकेश वर्मा ने बताया कि शीघ्र ही यूनिवर्सिटी ये सब्जियां आमजन को 'नो प्रॉफिट-नो लॉस' पर उपलब्ध करवाने के लिए आउटलेट लाएगी। किसानों को जागरूक करने और इन्हें इन नई किस्मों को प्रेरित करने के लिए स्टाफ को लगाएंगे। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही फूल गोभी, पीली फूल गोभी, बैंगनी फूल गोभी, ब्रोकली, लाल पत्ता गोभी, हरी पत्ता गोभी, सफेद प्याज और पीले प्याज उपलब्ध करवाए जाएंगे। इससे पहले अधिष्ठाता डॉ. उम्मेदसिंह शेखावत ने इन सब्जियों की किस्मों और खेती के बारे में बताया। इस मौके पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी और संकाय सदस्य मौजूद थे।

# मोबाइल नंबर लेकर किया खाते का दुरुपयोग

● धोखे से दोस्त ने खुलवाया बैंक खाता

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** शहर के एक कोचिंग इंस्टीट्यूट में पढ़ने वाले स्टूडेंट के बैंक खाते का दुरुपयोग कर इसमें फ्रॉड की राशि के लेनदेन का मामला मंगलवार को साइबर थाने में दर्ज हुआ। कोचिंग स्टूडेंट को लोन दिलाने के बहाने उसके एक दोस्त ने उससे डॉक्यूमेंट लिए। बाद में लोन की प्रोसेस पूरी करने के नाम पर खाते की पास बुक और एटीएम आदि अपने पास रख लिए। पीड़ित स्टूडेंट के मोबाइल नंबर की जगह अपना नंबर अपडेट करवा लिया और साइबर फ्रॉड की राशि का लेनदेन खाते में कर दिया। कोचिंग स्टूडेंट को अपने साथ हुए धोखे का तब पता तब लगा जब उसे हरियाणा पुलिस से मिली टेलीफोन कॉल से उसके खाते में फ्रॉड राशि के लेनदेन का पता लगा। इस पर उसने साइबर थाने में मामला दर्ज करवाया। पीड़ित स्टूडेंट ने बताया कि वह शहर के एक कोचिंग इंस्टीट्यूट में पड़ता है। पढ़ाई के दोरान उसकी पहचान साथी स्टूडेंट से हुई। वह उसके किराए केकमरे पर आने जाने लगा। इसी दौरान पास के गांव में रहने वाली पीड़ित की बहन ने उसे अपने घर रहने का ऑफर दिया। इसे पीड़ित ने मान लिया। पीड़ित ने बताया



कि उसे कोचिंग इंस्टीट्यूट से शहर से करीब तीन किलोमीटर दूर गांव आने जाने के लिए मोटरसाइकिल की जरूरत थी। उसने इस संबंध अपने साथी स्टूडेंट से बात की। उसके साथी स्टूडेंट ने उसे लोन का काम करने वाले एक व्यक्ति से मिलवाया। पीड़ित के साथी स्टूडेंट ने उसे कहा कि लोन के लिए उसका बैंक खाता खुलवाना जरूरी है। वह इसके लिए पीड़ित को मीरा चौक स्थित बैंक में ले गया। वहां उसका खाता खुलवाया और लोन प्रोसेस करवाने के नाम पर उसकी बैंक पास बुक, एटीएम कार्ड आदि अपने पास रख लिए। बाद में आरोपी साथी स्टूडेंट ने पीड़ित को बताया कि उसके मोबाइल नंबर पर लोन से जुड़े ओटीपी नहीं आ पा रहे हैं। ऐसे में बैंक खाते में मोबाइल नंबर बदलना होगा। आरोपी ने पीड़ित के मोबाइल नंबर की जगह अपना बताया एक मोबाइल नंबर पीड़ित के बैंक खाते में अपडेट करवा दिया।

# अमेरिका में बर्फीले तूफान से 5 लोगों की मौत



जनमार्ग न्यूज

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के कई राज्यों में बीते कुछ दिनों से लगातार बर्फीले तूफान का कहर जारी है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक मंगलवार तक तूफान की वजह से अलग-अलग हादसों में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 1.75 लाख से ज्यादा लोग बिना बिजली के गुजारा कर रहे हैं। अमेरिका की नेशनल वेदर सर्विस ने राजधानी वॉशिंगटन में 1 फुट तक बर्फबारी का आशंका जाहिर की है। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता ने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडेन हालात पर नजर रखे हुए हैं और प्रभावित राज्यों को हर संभव मदद देने को तैयार हैं। तूफान के साथ ओलावृष्टि से लोगों की परेशानियां काफी ज्यादा बढ़ गई है। लाखों लोगों को ट्रैवल करने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

# बीजेपी नेता ने कांग्रेस को बताया आतंकी संगठन

जनमार्ग न्यूज

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के एक कार्यकर्ता ने सोशल मीडिया पर कांग्रेस को आतंकवादी मुस्लिम संगठन बताया। इसी तरह मुख्यमंत्री समेत मंत्रियों और कांग्रेस नेताओं के खिलाफ भी सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। कांग्रेस नेता सुरेश कुमार की शिकायत पर पुलिस ने सदर थाना शिमला में एफआईआर दर्ज कर जांच तेज कर दी है। सुरेश कुमार ने आरोप लगाया कि दिनेश नाम के फेसबुक यूजर ने सोशल मीडिया पर कांग्रेस पार्टी को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। इसमें कांग्रेस को राजनीतिक पार्टी नहीं बल्कि छुपा हुआ आतंकवादी मुस्लिम संगठन बताया गया। शिकायतकर्ता ने कहा, यह कांग्रेस को बदनाम करने की साजिश है। उन्होंने कहा कि दिनेश ने अलग-अलग फेसबुक पोस्ट में जानबूझकर ऐसी टिप्पणियां की हैं। इससे न सिर्फ पार्टी की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है, बल्कि समाज में दुश्मनी और नफरत को भी बढ़ावा मिला है। सदर थाना शिमला में भारतीय दंड संहिता की धारा 336 (4), 353 (2), 356 (4) और 196 (1) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## जन्मदिन मुबारक

जनमार्ग न्यूज

**कीकरवाली जोहड़ी।** स्थानीय निवासी कमल छींपा के जन्मदिन पर पापा-मम्मी इंद्र छींपा-शारदा, रमन, मुकेश, राजेश, जयपाल (भाई), प्रियंका-मनीष, सुनीता-नितेश छींपा (बहन-बहनोई) एवं समस्त परिवार, रिश्तेदारों की तरफ से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।



JANMARG news
Janmarg News
Youtube Channel
जनमार्ग

## चार दिवसीय मैडिटेशन एवं सत्संग समागम 11 से

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** हनुमानगढ़ रोड स्थित विश्वास विद्या मंदिर में विश्वास मैडिटेशन मंदिर के उद्घाटन पर विश्वास मैडिटेशन एवं सत्संग समागम का आयोजन 11 से 14 11 जनवरी तक किया जाएगा। कार्यक्रम के अनुसार 11 जनवरी को शाम 6 बजे से 8 बजे तक, 12 व 13 11 जनवरी को सुबह 7 से 8.30 बजे तक, दोपहर 11 से 1 बजे तक, शाम 6 बजे से 8 बजे तक तथा 14 जनवरी को सुबह 7 से 8.30 बजे विश्वास मैडिटेशन एवं सत्संग समागम का आयोजन किया जाएगा।

जनमार्ग पढ़ें
ताजा खबरें
ज्यादा खबरें

# समरावता प्रकरण में 18 आरोपी रिहा

जनमार्ग न्यूज

**टोंक।** टोंक जिले के समरावता प्रकरण को लेकर 18 और आरोपी डीजे कोर्ट से जमानत मिलने पर रिहा हो गए है। इन्हे मंगलवार को देर रात को रिहा किया गया। इसी के साथ इस केस में अब तक 4 नाबालिग समेत 61 लोग जमानत पर रिहा हो चुके है। अब नरेश मीणा और एक और आरोपी समेत 2 लोग इस मामले में जेल में बंद है। जेल से बाहर निकले एक जने बताया कि जल्द नरेश मीणा को नहीं छोड़ा और सभी मुकदमें सरकार ने वापस नहीं लिए तो एक बार फिर बड़ा आंदोलन होगा। जो कभी हुआ नहीं होगा। उधर 18 लोगों के रिहा होने के बाद उनका समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। इन्हे नरेश मीणा के प्रधान कार्यालय पर ले जाकर मालाएं पहनाकर केक काटकर मुंह मीठाकर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान नरेश मीणा जिंदाबाद, भगत सिंह जिंदाबाद, प्रहलाद गुंजल जिंदाबाद के नारे लगाए गए। इस दौरान छान सूर्याबास सरपंच आर डी गुर्जर समेत कई समर्थक मौजूद रहे। जेल से रिहा हुए 18 आरोपियों का गांव पहुंचने पर इन्हे डीजे पर गाने बजाकर लोग नाचते गाते घरों तक छोड़कर आए। यह जश्न मध्य रात तक चला। अब इस प्रकरण में जेल में बंद नरेश मीणा और उसके एक समर्थक को छुड़ाने को लेकर प्रयास कर रहे है।

## खून से लथपथ व्यक्ति पहुंचा थाने

**फाजिल्का (जनमार्ग न्यूज)।** फाजिल्का सदर थाने में खून से लथपथ एक व्यक्ति थाने पहुंचा और पुलिस को अपने साथ हुई लूट और मारपीट की वारदात की शिकायत दी। मगर पुलिस ने व्यक्ति को हॉस्पिटल में भर्ती करा दिया, पुलिस का कहना है कि वह व्यक्ति शराब के नशे में था। जिसे इलाज के लिए सरकारी हॉस्पिटल भेजा गया है। जख्मी युवक सरवन कुमार ने बताया कि वह ढींगड़ा कॉलोनी का रहने वाला है, जिसने शराब पी रखी है। व्यक्ति ने बताया कि उसको कुछ युवकों ने रास्ते में घेर लिया और उसकी तलाशी लेने लगे। व्यक्ति ने उसका विरोध किया तो उसे मारने पीटने लगे।

## लड़की से परेशान फौजी ने किया सुसाइड

जनमार्ग न्यूज



**जयपुर।** जयपुर के रहने वाले एक फौजी ने खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया। वो जम्मू कश्मीर के पुंछ में तैनात था। एक सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें एक युवती के टॉर्चर से परेशान होकर आत्महत्या करने की बात लिखी है। शाहपुरा के अमरसर थाने की पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। डिप्टी शाहपुरा मुकेश चौधरी ने बताया कि कृष्ण कुमार यादव (27) करीरी गांव, अमरसर शाहपुरा का रहने वाला था। वह जम्मू-कश्मीर में तैनात था। दो दिन पहले गन से खुद को गोली मार ली। उसके बाद पुंछ जिले की पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। 7 दिसंबर की शाम को पैतृक गांव अमरसर में जवान का शव आने पर परिजनों ने अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया। परिजनों ने हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। पुलिस का कहना है कि कृष्ण कुमार (मृतक) का लिखा हुआ एक सुसाइड नोट मिला है।

# स्वास्थ्य कार्मिकों ने ली सड़क सुरक्षा की शपथ

● हेलमेट एवं शीट बेल्ट लगाकर आने के आदेश जारी

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिला स्वास्थ्य भवन सहित सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर आने वाले कार्मिकों को दुपहिया वाहन के लिए हेलमेट और चौपहिया वाहन चालकों को शीट बेल्ट पहनकर आने के लिए पाबंद किया गया है। वहीं जागरूकता के लिए बुधवार को जिलास्तर से लेकर खंड एवं अन्य समस्त स्वास्थ्य केंद्रों पर शपथ ली गई। जिला स्वास्थ्य भवन में सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने कार्मिकों को शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि अपनी सुरक्षा के लिए एवं अपने परिवार के लिए सड़क सुरक्षा नियमों की पालना अवश्य करें और आस पास के लोगों को भी इसके लिए जागरूक करें। इस दौरान शपथ ली गई कि मैं यह प्रतिज्ञा करता हूँ कि मैं सड़क का उपयोग करते समय समस्त यातायात नियमों का पालन करूँगा। मैं यह हर संभव यह प्रयास करूँगा कि मेरी वजह से कोई दुर्टना घटित न हो। मैं प्रत्येक व्यक्ति को सड़क नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करूँगा तथा एक कर्त्व्यनिष्ठ सडक उपयोगकर्ता के रूप में सडक दुर्टनाओं रहित राष्ट्र निर्माण के लिए सदैव तत्पर रहूंगा।



# राजस्थान के 8 जिलों में शीतलहर का अलर्ट

● रात का तापमान 10 डिग्री से नीचे

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** उत्तरी हवा चलने के कारण राजस्थान में सुबह-शाम की सर्दी तेज हो गई। राज्य में कल 2 शहरों को छोड़कर शेष सभी शहरों में न्यूनतम तापमान सिंगल डिजिट यानी 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। दिन में आसमान साफ रहने और धूप निकलने से गंगानगर, धौलपुर, अलवर, करौली में अधिकतम तापमान में 8 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हुई। वहीं, बुधवार को आठ जिलों में शीतलहर का येलो अलर्ट है। मौसम विशेषज्ञों ने 10 जनवरी की शाम से प्रदेश के उत्तर-पश्चिमी जिलों में एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने की संभावना जताई है। इसके प्रभाव से मकर संक्रांति से पहले 10 और 11 जनवरी को बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के जिलों में बादल छाने और कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की



संभावना जताई है। सीकर के फतेहपुर में एक ही दिन में पारे में 9 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। आज सुबह सीकर के कृषि अनुसंधान केंद्र फतेहपुर पर न्यूनतम तापमान 0.0 डिग्री दर्ज किया गया। इससे पहले मंगलवार को न्यूनतम तापमान 9 डिग्री दर्ज किया गया था। कोहरा कम होने और शीतलहर लगातार प्रभावी रहने से तापमान में ऐसा बदलाव देखने को मिला है। पाली में तेज सर्दी का असर जारी है। सुबह और शाम के समय तेज सर्दी का असर रहता है। पाली का न्यूनतम तापमान गिरकर बुधवार को 7 डिग्री तक पहुंच गया और अधिकतम तापमान 24 डिग्री दर्ज किया गया। आज 3 किमी प्रति घंटे की स्पीड से हवा चल रही थी। मौसम विभाग की माने तो अगले कुछ दिन ऐसे ही तेज सर्दी का असर रहेगा। पिछले 24 घंटे में सबसे कम तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस नागौर में दर्ज हुआ। कल कोटा और धौलपुर को छोड़कर सभी शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ।

## आटा चक्की में करंट आने से युवक की मौत

**अजमेर (जनमार्ग न्यूज)।** आटा चक्की में करंट आने से युवक की मौत हो गई। हादसे में समय युवक अकेला था। इस कारण काफी देर बाद करंट लगने का पता चला। हादसा हाथीपट्टा क्षेत्र का है। श्रीनगर पुलिस थाने के एएसआई हनुमान लाल ने बताया- ग्राम हाथीपट्टा निवासी नेहरू सिंह (30) पुत्र मदन सिंह रावत अपनी घरेलू आटा चक्की में गेहूं पीसने का काम कर रहा था। उस दौरान आटा चक्की में करंट आने से चक्की के चिपक गया, जिससे मौके पर ही मौत हो गई। युवक उस समय घर पर अकेला ही था। उसका मकान एकांत में होने से काफी समय तक युवक की मौत का पता नहीं चला। मृतक का भाई ट्रेलर चालक घनश्याम घर आया। तब कमरे का बल्ब चालू था। उसने पुलिस को सूचना दी।

## चार सगे भाइयों को 15 साल जेल

जनमार्ग न्यूज

**नूंह।** नूंह में जिला कोर्ट ने चार सगे भाइयों को 15 साल 3 माह की सजा सुनाई है। चारों पर 27 हजार 500 रुपए का जुर्माना लगाया है। दोषियों ने 7 साल पहले पुलिस टीम पर फायरिंग की थी और सरकारी पिस्टल लूट ली थी। दोषी ताहिर उर्फ छोटा, शरीफ, खुर्शीद निवासी कांगरका थाना तावडू को 22 हजार 500 रुपए जुर्माना भरना होगा। जुर्माना न भरने पर 4 माह 10 अतिरिक्त सजा काटनी होगी। धारा-392 में चारों दोषी भाइयों की सबसे अधिक 7-7 साल कैद की सजा सुनाई है। सभी सजाएं एक साथ चलेंगी। इसलिए चारों दोषी भाइयों को अधिकतम 7 साल सजा काटनी होगी। अपराध शाखा तावडू में कार्यरत सब इंस्पेक्टर भगत सिंह की शिकायत पर 12 जनवरी 2018 को तावडू थाने में करीब 10 नामजद लोगों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने, फायरिंग करने, सरकारी असलह लूटने, मारपीट करने सहित अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

# शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर से लोगों को मिलेगी राहत: सरोज छिनवाल



जनमार्ग न्यूज

**केसरीसिंहपुर।** शहरी आयुष्मान आरोग्य मन्दिर बनने के बाद आज भाजपा नगर अध्यक्ष चिमन धुडिया, पूर्व चेयरमैन क.उ.म.समिति बलविंदर सिंह ग्रेवाल, देहात महामंत्री अमृतपाल सिंह बराड़, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला महामंत्री सोहन छिनवाल ने आज डॉ.मनवीर सिंह, अशोक कुमार, मनप्रीत कौर, अंजू कुमारी, खुशबू शर्मा, साहिल, राजकुमार कार्मिक नियुक्त होने पर, इन सभी कार्मिको को मिलकर बधाई दी वार्ड 17 से पार्षद सरोज कुमारी छिनवाल ने पुर्व मंत्री सुरेंद्र पाल सिंह टीटी का विशेष धन्यवाद किया और कहां की आयुष्मान आरोग्य मंदिर हमारे इन वार्डो में बनाया जिसका पूरा फायदा अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को ज्यादा होगा।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी हरीसिंह मेहरा द्वारा राहुल ऑफसैट प्रिन्टर्स गुलजार भवन, 47 गणेश विहार द्वितीय, जस्सा सिंह मार्ग के पास श्रीगंगानगर 335001 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक : हरीसिंह मेहरा, 94140-87692, फैक्स : 0154-2970692